भोपाल
शनिवार, 28 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 329
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

15 10 साल बाद फिर आमना-सामना ...




विचार पेज
08 भारत-इजराइल संबंधों का ...

haribhoomi.com


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर में ढोल बजाया

मुख्यमंत्री आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ के स्थानीय भगोरिया पर्व में हुए शामिल

## उमंग और सामाजिक स्नेह का जीवंत महोत्सव है भगोरिया पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फाल्गुन मास के रंगों, मांदल की थाप और जीवन-प्रेम की उमंग से सराबोर भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, सामाजिक स्नेह और परंपरागत जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है। इसको प्रत्यक्ष रूप से भगोरिया पर्व में शामिल होकर जिया जा सकता है। सीएम ने कहा कि अलीराजपुर के उदयगढ़ भगोरिया पर्व स्थल पर पारंपरिक लोकधुनों, नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण ने सम्पूर्ण क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

**पारंपरिक वेषभूषा आभूषण और मांदल की थाप में रचा-बसा भगोरिया उत्सव**



### भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक

*डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मप्र सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विरासत* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महिलाएं कांचली, घाघरा, ओढ़नी जैसी पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित

भगोरिया उत्सव में जनजातीय युवक-युवतियां रंग-बिरंगी पारंपरिक वेषभूषा में सजे-धजे दिखाई दिए। पुरुष वर्ग पारंपरिक धोती, अंगोछा एवं साफा धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं कांचली, घाघरा, ओढ़नी तथा पारंपरिक कढ़ाईयुक्त परिधानों में सुसज्जित रहीं। चांदी के हार, हांसली, कड़े, पायल, बिछिया एवं अन्य पारंपरिक आभूषणों की झंकार ने पर्व को भव्यता प्रदान की। मांदल, ढोल एवं अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर कुर्ता ▶▶ शेष पेज 6 पर
















गदा लेकर अभिवादन करते हुए पूर्व सीएम

ढह गई शराब घोटाले की 'वॉल': कोर्ट ने कहा बेदाग हैं केजरीवाल

# देश के सामने रोए केजरीवाल कहा मुझे झूठे केस में फंसाया

*दिल्ली शराब नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को बरी कर दिया*

*केजरीवाल सीएम रहते हुए 6 महीने जेल में रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े सीबीआई मामले में फैसला सुनाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया आपराधिक साजिश या आपराधिक मंशा साबित नहीं होती।

सभी आरोपों से बरी किए जाने के बाद पूर्व सीएम केजरीवाल कोर्ट से बाहर मीडिया से बात करते हुए रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके खिलाफ रचा गया। आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र था। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। मुझ पर भाजपा ने झूठे आरोप लगाए। आज कोर्ट ने भी कह दिया कि केजरीवाल सिसोदिया कट्टर ईमानदार हैं। वो सब झूठ बेनकाब हुआ। आज सत्य की ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**कोर्ट ने कहा आपराधिक साजिश या मंशा साबित नहीं हुई सीबीआई की जांच प्रक्रिया पर अदालत ने उठाए गंभीर सवाल**


बरी होने के बाद रो पड़े केजरीवाल

*पीएम मोदी और अमित शाह को दी दिल्ली में चुनाव कराने की चुनौती*

### भाजपा को 10 से ज्यादा सीटें मिलीं तो राजनीति छोड़ दूंगा

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैं मोदी को दिल्ली में फिर से चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें 10 से ज्यादा सीटें मिलीं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे रोकने का एक ही रास्ता है मेरा कत्ल करा करवा दें। केजरीवाल ने कहा कि मैंने सिर्फ ईमानदारी का काम किया। मुझे जेल जाने से फर्फ पड़ता है। मैं वो राजनेता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यह है मामला

दिल्ली शराब नीति केस 2021-22 की आबकारी नीति से जुड़ा घोटाले का नाम है। आरोप है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार के दौरान नई शराब नीति में लाइसेंस देने और मार्जिन तय करने ▶▶ शेष पेज 6 पर

*केजरीवाल पर भाजपा की प्रतिक्रिया*

### कानूनी प्रकिया अभी खत्म नहीं हुईः त्रिवेदी


प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद व भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई है। देखिए निचली अदालत ने सबूतों के अभाव में उनको बरी किया है। यह तकनीकी विषय है। यह बात भी सही है कि सैकड़ों की संख्या में सिम कार्ड और फोन सबूत के तौर पर नष्ट किए गए थे। अब वो किस भाव से सबूत नष्ट किए गए थे, उस कारण से सबूतों का अभाव उत्पन्न हुआ है। इस विषय को लेकर जो भी होगा सीबीआई अगला स्टेप उठाएगी, वो हाई कोर्ट में जाएगी या क्या होता है। पार्टी पूरी डिटेल के आने के बाद इस पर रिप्लाई ▶▶ शेष पेज 6 पर



हाई कोर्ट में पॉक्सो मामले में तीखी बहस

## अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

*शंकराचार्य के अधिवक्ता ने विवेचना पर ही सवाल खड़ा किए*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया। शंकराचार्य के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्र और दिलीप गुप्ता ने दलील दी कि पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता कोई अता-पता ही नहीं है। सरकार के वकील ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है। इस मामले में असाधारण जैसा कुछ नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह कोई अनिवार्य बाधा नहीं है। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई। इस पर केस दर्ज नहीं हुआ तो पॉक्सो ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ.यादव भी पहुंचेंगे पार्क

## बोत्सवाना से 8 चीते आज पहुंचेंगे कूनो नेशनल पार्क

*सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे 6 मादा और 2 नर चीते*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


व्यवस्थाओं का जायजा लेते कलेक्टर

भारत में चीतों की पुर्नबसाहट के लिए तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से 8 चीते आज शनिवार को कूनो पहुंचेगे। कूनों में 8 चीतों की आगवानी के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कमिश्नर चंबल संभाग सुरेश कुमार द्वारा कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाए जा रहे चीतो की शिफ्टिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, डीएफओ आर थिरूकुराल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार बोत्सवाना से वायुयान द्वारा लाए जा रहे चीते शनिवार की सुबह ग्वालियर एयपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से उन्हें ▶▶ शेष पेज 6 पर

छात्राओं ने लगाए गंभीर आरोप

## गोद में बैठाकर करते हैं बैड टच, स्कूल टीचर गिरफ्तार



**पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो ग्रामीण जमकर धुन देते**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर के एक सरकारी प्राइमरी स्कूल में 6 से ज्यादा छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर ये छात्राएं रोती हुई घर लौटीं।

परिजनों से कहा- क्लास में शिक्षक उनके साथ बहुत ही गंदी हरकत करते हैं। मास्टर जी गोद में बिठाते हैं। अंडरगारमेंट्स में हाथ डालते हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी टीचर संजीव चतुर्वेदी के ▶▶ शेष पेज 6 पर

बिना माता-पिता की बेटी की शादी

## ओरछा में गांव वाले बने रिश्तेदार भाई ने बहन को किया 'विदा'




**मिलजुल कर डेढ़ लाख खर्च कर धूम धाम से की शादी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निवाड़ी

निवाड़ी जिले की ओरछा तहसील में 27 फरवरी को एक अनाथ बेटी की शादी पूरे समाज ने मिलकर करवाई। सालनी नाम की इस युवती के पिता का निधन बचपन में ही हो गया था और कोरोना के समय उसकी मां भी नहीं रही। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण भाई के लिए बहन की शादी करना मुश्किल था। जब सालनी की शादी पृथ्वीपुर के अनवेश अहिरवार से तय हुई, तो गांव के लोग ▶▶ शेष पेज 6 पर

रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को 'ए' ग्रेड

## मप्र विद्युत नियामक आयोग को मिला देश में 'छठा' स्थान



**36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच हुआ मूल्यांकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग भोपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ विद्युत नियामकों की सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है। पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा संयुक्त रूप से जारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विनियामक प्रदर्शन की रेटिंग 2025 रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को यह गौरव ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### थलापति विजय की पत्नी ने मांगा तलाक



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मशहूर अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की है। याचिका में संगीता ने विजय पर बेवफाई का आरोप लगाया है। उनका अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध था। अप्रैल 2021 में संगीता को पता चला। इस खुलासे से उन्हें गहरा भावनात्मक आघात पहुंचा और मानसिक पीड़ा हुई।

### 'द केरल स्टोरी 2' पर लगी रोक हटी



**नई दिल्ली।** चर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड की रिलीज पर रोक हट गई है। केरल हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अपने सिंगल जज के अंतरिम आदेश पर दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। बेंच ने प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह की अपील पर गुरुवार देर रात यह आदेश दिया। विपुल ने दावा किया था कि फिल्म किसी भी धार्मिक समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचाती।

विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सरकार का बड़ा फैसला

**विधानसभा अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित**


# मप्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सरकार लाएगी कड़ा कानून, 3 माह में कानून बनकर हो जाएगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा का बजट सत्र निर्धारित समय से कुछ पहले शुक्रवार को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गया। सदन में वर्ष 2026-27 का बजट तथा वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट पारित हुआ। 10 दिन तक चली सदन की कार्यवाही में कई महत्वपूर्ण फैसले हुए। विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। सरकार अवैध ▶▶ शेष पेज 6 पर


कैलाश विजयवर्गीय

*अवैध कॉलोनियों की जांच व कार्रवाई का निर्देश कलेक्टरों को दिए*



### निश्चित प्रक्रिया में वैध करने की कार्रवाई करेंगे

*मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया पर भी काम कर रहे हैं। ऐसी अवैध कालोनियां जो नियम प्रक्रिया के दायरे में आ रही है, उन्हें वैध भी करेंगे। किंतु अब से अवैध कॉलोनी प्रदेश* ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### सीधी बस स्टैंड निर्माण में देरी पर कंपनी ब्लैक लिस्टेड, अधिकारियों को नोटिस

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि शहर में बस स्टैंड निर्माण में नगरपालिका की गलती है। पहले यह 7 करोड़ रुपए में स्वीकृत हुआ था, अब इसकी लागत बढ़कर 12 करोड़ रुपए हो गई है। लापरवाही करने वाले ईई हरिशंकर मिश्रा व सब इंजीनियर वीके तिवारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बस स्टैंड के बन जाने से नपा की आय बढ़ेगी और 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय होगी। श्रीमती पाठक ने पूछा ▶▶ शेष पेज 6 पर



### आजाद नगर की वीरभूमि भाबरा में मुख्यमंत्री ने किया नमन

# क्रांति का तेजस्वी स्वर थे शहीद चंद्रशेखर आजाद: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर स्थित उनकी जन्मस्थली चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) पहुंचकर उनकी प्रतिमा को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत की क्रांति का तेजस्वी स्वर थे। राज्य सरकार अमर बलिदानी और क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर गरीब, किसान, युवा और नारी (जीवायएएन) कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। गुजरात के साथ-साथ पड़ौसी मप्र के आलीराजपुर जिले का भी आर्थिक तंत्र बदला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर भील जनजाति की संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय मान्यता के प्रतीक बाबा भीलट देव, बाबा डूंगर देव, बाबा पाटला देव, रानी काजल माता, डूंगरी माता और मालवाई मां को नमन करते हुए कहा कि आलीराजपुर की पावन मिट्टी ने चंद्रशेखर आजाद सहित शहीद छीतू किराड़ को जन्म दिया। उन्होंने कहा, सरकार स्थानीय नायकों के बलिदान को नमन करते हुए जन-जन तक पहुंचाने के लिये कार्य कर रही है। मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के विकास के लिए सभी प्रयास कर रही है।




### बनाएंगे आजाद पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद नगर को देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बनाया जाएगा। यहां पर ऐतिहासिक शहीद पार्क निर्मित किया जायेगा। संस्कृति विभाग के माध्यम से इस स्थान को विकसित कर आकर्षक एवं दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियां आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद की जन्मभूमि केवल एक स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान की जीवंत प्रतीक है, जिसे सहेजना और संवारना हम सभी का दायित्व है।

### आजाद कुटिया में किए श्रद्धासुमन अर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजाद कुटिया में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा चंद्रशेखर आजाद के जीवनकाल की वीरगाथाओं और दुर्लभ तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और अदम्य साहस के बलबूते बुलंदियों को छूने वाले आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। मात्र 15 वर्ष की बाल्यावस्था में वे वर्ष 1921 के असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए थे। गिरफ्तारी के बाद जब मजिस्ट्रेट के सामने उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने गर्व से उत्तर दिया नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्र और घर जेल। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा अद्वितीय साहस केवल अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ही दिखा सकते थे।

### सैकड़ों कर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

## पमरे जोन जीएम शोभना बंदोपाध्याय हुईं सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इस मौके पर एक विशेष समारोह के द्वारा सैकड़ों कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। 28 फरवरी को शनिवार होने पर विदाई समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया तो वहीं अभी तक पमरे जोन के नए जीएम को लेकर घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि एक दो दिन में नए यह घोषणा हो सकती है।

पमरे की पहली महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के रूप में एक नंबर 2024 को पदभार ग्रहण किया था। वे आईआरएसएसई 1987 बैच अधिकारी थी। इससे पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थी। मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे के विभिन्न मण्डल के साथ-साथ उत्तर रेलवे के मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वह संकेत एवं दूरसंचार विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही हैं।

### न्यू मार्केट स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## जय हिंद सेना ने कहा, शहीद आजाद को मिले भारत रत्न

**जयंती एवं बलिदान दिवस पर शासकीय अवकाश की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जय हिंद सेना के सदस्यों ने मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर शुक्रवार को तीन शेड न्यू मार्केट में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जय हिंद सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी को ट्वीट कर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न देने के साथ ही उनकी जयंती एवं बलिदान दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। सेना के युवा सदस्यों ने आजाद को अपना आदर्श मानकर राष्ट्र सेवा करने का संकल्प भी लिया है। चंद्रशेखर आजाद देश के हर युवा के लिए एक आदर्श हैं, उनसे प्रेरणा लेकर देश के हर युवा को देश सेवा करनी चाहिए यह संदेश भी युवाओं को दिया गया। सेना सदस्यों ने चंद्रशेखर आजाद अमर रहें के नारे बुलंद कर के उन्हें याद किया। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में देवेंद्र राजपूत, वीरेंद्र मिश्रा, देव सिंह, वीर बहादुर, राणा भट्ट, प्रवीण वर्मा, सुभाष गोयल आदि युवा सदस्य उपस्थित रहे।

# कूल्हे तक फैला ट्यूमर, सो भी नहीं पाती थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विदिशा की रहने वाली 35 महिला के शरीर में कूल्हे से नीचे तक फैले 4.5 फुट लंबे ट्यूमर के कारण चलना-फिरना, बैठना, यहां तक कि ठीक से सो पाना भी मुश्किल हो गया था। तीन छोटे बच्चों की मां इस महिला के सामने इलाज से ज्यादा चिंता अपने परिवार की थी। निजी अस्पतालों में लाखों रुपए खर्च होने की आशंका थी। ऐसे में बीएमएचआरसी के डॉक्टरों ने जोखिम उठाते हुए 20 दिन में तीन बड़े ऑपरेशन कर न केवल ट्यूमर हटाया, बल्कि उसकी नई जिंदगी भी लौटाई। महिला मल्टीपल न्यूरोफाइब्रोमैटोसिस नामक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी से पीड़ित थी। इस बीमारी में नसों पर गांठें बनती हैं। समय के



साथ कूल्हे पर बनी एक गांठ ने विकराल रूप ले लिया और कैंसरयुक्त ट्यूमर में बदल गई। ट्यूमर इतना बड़ा हो चुका था कि गर्दन से घुटने तक उसका फैलाव दिखाई दे रहा था। कूल्हे का हिस्सा सामान्य आकार से कई गुना बढ़ गया था।

### एक साथ ऑपरेशन करना बन सकता था जानलेवा

कैंसर सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनवीर गौतम ने बताया कि ट्यूमर रक्तवाहिनियों से जुड़ा हुआ था। एक ही बार में इसे हटाने की कोशिश की जाती तो भारी रक्तस्राव हो सकता था, जो जान के लिए खतरा बन सकता था। लेकिन बीएमएचआरसी की टीम ने चरणबद्ध सर्जरी का फैसला लिया। एनेस्थीसियोलॉजी प्रोफेसर डॉ. कनिका सुहाग के नेतृत्व में टीम ने मरीज की स्थिति को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

### उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित

# बदलते पुलिसिंग परिदृश्य में तकनीक और साइबर दक्षता की आवश्यकता: डीजीपी

**सिंहस्थ 2028 एवं उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहें युवा अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भौंरी पुलिस अकादमी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को मप्र पुलिस के 43वें बैच के 17 परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि अधिकारियों को निरंतर साइबर फील्ड में अपनी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा। सिहंस्थ 2028 के परिप्रेक्ष्य में आह्वान किया कि वे भविष्य की परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को तैयार रखें तथा बदलते अपराध परिदृश्य के प्रति सजग एवं सक्षम बनें।




### छोटी सी लापरवाही कॅरियर पर भारी

उन्होंने कहा कि एक छोटी सी लापरवाही करियर बर्बाद कर सकती है। नियमों के अनुरूप ही कार्य करें। अधिकारी में संवेदनशीलता, सुनने की क्षमता तथा तकनीक के उपयोग की योग्यता होनी चाहिए। सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखते हुए स्वयं को समयानुकूल निरंतर विकसित करते रहना चाहिए।

### मादक पदार्थों की तस्करी बड़ी चुनौती

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मादक पदार्थों की समस्या एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आई है, जिसे नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है। जिस प्रकार संगठित प्रयासों और दृढ़ संकल्प से नक्सल प्रभाव को समाप्त करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है, उसी प्रकार नारकोटिक्स के विरुद्ध भी रणनीति, कार्रवाई और सतत अभियान चलाकर इसे जड़ से समाप्त करना समय की आवश्यकता है।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

रमज़ान मुबारक
इफ्तार शनिवार: 6:28 बजे
सहरी रविवार: 5: 03 बजे



# मिठास में मिलावट: सस्ती मिठाई हो सकती है मिलावटी, कुछ दुकानदार बेच रहे 'नकली' मिष्ठान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

## स्वास्थ्य से खिलवाड़: दुकानदार नहीं कर रहे मिठाइयों की ट्रे पर तारीख अंकित, ग्राहकों को एक्सपायरी सामान मिलने का खतरा

लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बाजार में बिकने वाले दुग्ध उत्पादों व खुली मिठाइयों पर उपयोग करने की तारीख अंकित करना अनिवार्य किया है, लेकिन दुकानदारों द्वारा मिठाइयों पर तारीख अंकित नहीं की जा रही है और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए मिठाइयां बेची जा रही हैं।

एफएसएसएआई के नए नियमों के अनुसार दूध से बने खाद्य पदार्थों और खुली मिठाइयों को दुकान में सजाने से पूर्व ही उस पर निर्माण की तारीख और उपयोग की अवधि लिखनी होगी, लेकिन राजधानी बाजार में इस नियम का मखौल उड़ता दिखाई दे रहा है।

एफएसएसएआई ने किया है मिठाइयों पर तारीख अंकित करना अनिवार्य

अधिकांश मिठाई विक्रेताओं, रेस्टोरेंट होटलों में नियम का पालन नहीं

### रेट को छोड़ ' बनने तथा उपयोग की अंतिम तिथि' की पट्टिका गायब


पुराने शहर स्थित एक मिठाई की दुकान के डिस्प्ले में रखी मिठाइयां।

मिठाईयों के ट्रे पर सिर्फ मिठाई के रेट के अलावा इसके बनने तथा उपयोग की अंतिम तिथि की पट्टिका गायब नजर आती है। यह आलम शहर के कोई एक-दो दुकान पर नहीं बल्कि सभी दुकानों का है। गर्मी ने अपनी दस्तक दे दी है। इस मौसम में दूषित खाद्य पदार्थों से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। शहर में संचालित अधिकांश मिठाई विक्रेताओं, रेस्टोरेंट, होटलों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

**सस्ती मिठाइयां इशारा करती हैं मिलावटी होने का**

बाजार में मिठाइयों की सस्ती कीमतें मिलावटी होने का इशारा कर रही हैं। शहर के बाहरी क्षेत्र में दुकानों पर बरफी 250 रुपए किलो से लेकर 400 रुपए किलो तक बेची जा रही है। गांव-देहात और कस्बों में और ही बुरा हाल है। यहां तो चीनी की चाशनी और बूरा मिलाकर ऊपर से वनस्पति ऑयल डाल कर बनाई जा रही मिठाइयों को चांदी के वर्क से चमकाकर बिक्री के लिए खुले में रख दिया है।

### पदाधिकारियों ने बताई मिठाइयों की शेल्फ लाइफ

- दूध/मावा आधारित मिठाइयां (खोया बर्फी, रसमलाई): ये बहुत जल्दी खराब होती हैं, विशेषकर गर्मी में। इन्हें 24-48 घंटे (1-2 दिन) के भीतर खा लेना सबसे अच्छा होता है। फ्रिज में रखने पर ये 3-4 दिन तक चल सकती हैं।
- घी, बेसन आधारित मिठाइयां (लड्डू, मैसूर पाक): ये अपेक्षाकृत लंबे समय तक ताजी रहती हैं। इन्हें कमरे के तापमान पर 1-2 सप्ताह तक रखा जा सकता है।
- सूखे मेवे की मिठाइयां (काजू कतली, बादाम बर्फी): ये सबसे अधिक समय तक (लगभग 10-15 दिन) अच्छी रह सकती हैं, इनमें नमी बहुत कम होती है।
- ताजगी बनाए रखने के लिए मिठाइयों को एयरटाइट कंटेनर में, ठंडी और सूखी जगह पर रखने की सलाह दी जाती है।
- खराब होने के संकेत: मिठाई से दुर्गंध आना, स्वाद में खटास, या नारियल, मावे पर फफूंद लगना इसके खराब होने के संकेत हैं।

### खजूरी सड़क टोल प्लाजा पर लोडिंग गाड़ी में पकड़ा 27 क्विंटल मावा जब्त


पकड़े गए मावा और वाहन के साथ टीम

खजूरी सड़क स्थित टोल प्लाजा के पास से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक गाड़ी से 27 क्विंटल मावा और 45 किलो पनीर जब्त किया। होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग होटल, रेस्टोरेंट-डेयरी पर खाद्य पदार्थों की जांच कर रहा है। कई जगहों से सैंपल भी लिए जा रहे हैं। शुक्रवार को भी अमले ने कार्रवाई की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त टीम ने खजूरी सड़क रोड स्थित टोल प्लाजा के पास से एक वाहन से करीब 27 क्विंटल मावा जब्त किया। इसकी बाजार कीमत 6 लाख रुपए है। इसके अलावा 45 किलो पनीर भी जब्त किया। मावा और पनीर के पांच-पांच सैंपल लेकर राज्य [रयोगशाला भेजे गए हैं।

### एक महीने में 234 सैंपल

पिछले एक महीने में खाद्य की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों की दुकानों कार्रवाई कर नमकीन, मिठाई, पनीर, तेल, मैदा, बेसन खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए। जिसके तहत 234 सैंपल लेकर राज्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### मावा व्यापारी बोले- लोगों का रेडीमेड पकवानों पर जोर

भोपाल मावा विक्रेता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अब त्योहारों पर मावे का खुला धंधा नहीं बचा। क्योंकि लोगों का रुख रेडीमेड पकवानों की ओर ज्यादा है तो वहीं प्रशासन द्वारा नकली मावा के धरपकड़ पर सख्त रुख अपनाने से शुद्ध मावा बेचने वाले व्यापारियों ने व्यवसाय से तौबा कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि पांच साल पहले राजधानी भोपाल में होली पर 1000 डलिया मावा रोजाना आता था, अब यह 35 से 40 डलिया पर सीमित रह गया है। मिलावटियों ने मावा बाजार पर बट्टा लगा दिया है। इसके कारण लोगों में मिठाई की शुद्धता को लेकर आशंका रहती है। मावा व्यापारियों ने कहा कि त्यौहारी सीजन में जो मावा आ रहा है वह पचौर, धौलपुर, रतलाम सहित आसपास के अंचलों का है, तो वहीं ट्रेड से 20 से 25 डलिया मावा पहुंच रहा है। विक्रेताओं के अनुसार पांच साल पहले की अपेक्षा अब भोपाल में खुले मावे का धंधा 20 फीसदी बचा है।

### विश्वसनीय दुकानदार से ही खाद्य सामग्री खरीदें

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर विभागीय मैदानी अमला मुस्तैद है। खाद्य सामग्री के साथ-साथ मिठाई सहित अन्य मिष्ठान सामग्रियों के नमूने ले रहे हैं। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दे रहे हैं। क्वालिटी और गुणवत्ता के समझौता नहीं करें। इस बात का ध्यान रखें, तय मानक का पालन हो। इसके अलावा त्योहारी सीजन में मिलावट की आशंका रहती है। ऐसे में विश्वसनीय दुकानदार से ही खाद्य सामग्री खरीदें। इससे थोड़ी रिस्क कम हो जाती है। सामग्री खरीदते वक्त बिल जरूर लें। बिल मिलावटखोरों पर कार्रवाई करने का आधार बनेगा।

**डीके वर्मा, अभिहित अधिकारी (डीओ) खाद्य सुरक्षा प्रशासन मप्र**

### चार टीमों को सौंपी मिलावट पकड़ने की जिम्मेदारी

होली के त्यौहार को देखते हुए खाद्य विभाग ने चार टीमों का गठन किया है। यह टीमें शहर की दुकानों सहित मुख्य मार्गों पर मिलावटी मावा लाने की निगरानी कर रही हैं। इसके साथ विभाग ने मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया है। होली को देखते हुए इंस्पेक्टर को अपने क्षेत्र में सैंपलिंग के निर्देश दिए गए हैं।

**पंकज श्रीवास्तव** जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### आदेश हवा हवाई

खाद्य विभाग की लापरवाही की वजह से मिठाइयों पर एक्सपायरी डेट की जानकारी देने संबंधी आदेश हवा हवाई हो चुका है। कॉलोनियों व शहर की छोटी दुकानों में से किसी पर भी मिठाइयों की एक्सपायरी डेट से संबंधित जानकारी चस्पा नहीं की जा रही है।

### गुणवत्तायुक्त मिठाइयां ग्राहकों को मिलें

मिष्ठान एवं नमकीन विक्रेता संघ भोपाल के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा त्यौहारी सीजन में डिमांग के अनुरूप माल तैयार किया जाता है। व्यापारी इस बात का पूरा ख्याल रखते हैं कि गुणवत्तायुक्त मिठाइयां ग्राहकों को मिलें।

---

## खबर संक्षेप

### कर वसूली के लिए आज और कल विशेष शिविर

**भोपाल।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम ने शनिवार और रविवार को विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार संपत्तिकर एवं अन्य करों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए जोन स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। निर्देश में कहा गया है कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बकाया करदाताओं से संपर्क करें और निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक करदाता पहुंचकर बकाया राशि जमा कर सकें।

### 1 मार्च से भोपाल-चोपन एक्सप्रेस होगी नियमित

**भोपाल।** गाड़ी संख्या 11633-11634 भोपाल जंक्शन-चोपन के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस नई ट्रेन सेवा प्रत्येक रविवार को 1 मार्च से भोपाल जंक्शन और प्रत्येक सोमवार को 2 मार्च 2026 से चोपन स्टेशन से पहली सेवा प्रारंभ हो रही है। गाड़ी संख्या 11633 भोपाल जंक्शन-चोपन के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल जंक्शन स्टेशन से रात 20:55 बजे प्रस्थान कर विदिशा 21:36 बजे, गंजबासौदा 22:05 बजे, बीना 23:00 बजे, पहुंचकर अगले दिन सागर मध्यरात्रि 00:08 बजे, दमोह 01:13 बजे, कटनी मुड़वारा 02:30 बजे, खन्ना बंजारी 03:48 बजे, सुबह 10:50 बजे चोपन स्टेशन पहुंचेगी।

---

# तालाब के पचास मीटर की बिल्डिंग परमिशन होंगी रद्द, 16 मार्च-2022 के पहले मिलेगी राहत

## टीम देखकर ताला डालकर भागे तालाब किनारे के रहवासी, बाल-बाल बचा विधायक मसूद का कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दूरी पर बने निर्माणों को अतिक्रमण की केटगरी में रखा गया है। ऐसे में इन अतिक्रमणों को तोड़ा जाना है। हालांकि जिन निर्माणों की परमिशन 16 मार्च-2022 से पहले की है, उन्हें राहत दी जाएगी। इधर जो परमिशन कट ऑफ डेट के बाद जारी की गई हैं, उनकी जांच करने के बाद बिल्डिंग परमिशन रद्द की जाएंगी। शुक्रवार को कलेक्टोरेट में रखी गई बड़े तालाब की टास्क फोर्स की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने बताया कि बड़े तालाब के एफटीएल से पचास मीटर दायरे में किए गए अतिक्रमणों को लेकर एसडीएम बैरागढ़, टीटी नगर, शहर और हुजूर को हिदायत दी गई है कि वह कट ऑफ डेट की परमिशन को देखकर ही कार्रवाई करेंगे। जिन लोगों ने इस दायरे में निर्माण किए हैं, उनसे दस्तावेज मांगे गए हैं। इसके साथ एनजीटी के तालाब से जुड़े सभी आदेशों का भी अध्ययन किया जा रहा है, जिससे आदेशों का हुबहू पालन कराया जा सके। अपर कलेक्टर का कहना है कि टीएंडसीपी और नगर निगम की परमिशन को लेकर जांच करने की हिदायत अफसरों को दी गई है। इधर बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि बड़े तालाब किनारे अतिक्रमण कर तालाब के एफटीएल से पचास मीटर की दूरी पर निर्माण को अतिक्रमण माना गया है।

### टीटी नगर के दस गांवों में होगा सर्वे

टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने अब तक करीब 34 निर्माणों को हटा दिया है, हालांकि यहां के दस गांवों में पचास मीटर दायरे का सर्वे किया जाना है। यहां पर फार्म हाउस, होटल, रिसोर्ट और बड़े बंगले शामिल हैं। यहां पर सर्वे का काम अब तक शुरु नहीं किया गया है।

### बड़े तालाब की टास्क फोर्स ने लिया फैसला, पंद्रह दिन में होगा बड़ा एक्शन

### तीन दिन में कोहेफिजा और हलालपुर में 70 से अधिक अतिक्रमण मिले

### बेहटा, बोरबन और बैरागढ़ में होली बाद होगा सर्वे, सबसे पहले बिना दस्तावेज वाले मकानों पर चलेगा बुलडोजर


विधायक मसूद के कॉलेज के पास लगाया लाल निशान।

बड़े तालाब को बचाने के लिए इस बार राजस्व विभाग का अमला जुटा हुआ है। पिछले तीन दिनों के दौरान बैरागढ़ सर्कल की टीम ने राजा भोज बुर्ज से लेकर रिजवान बाग हलालपुरा तक के सर्वे का काम पूरा कर लिया है। जिसमें मंत्री का बंगला, लेक कोर्टयार्ड हाइट्स और आईएएस मुजीबुर्रहमान की विला सहित एक दर्जन बंगले इसकी जद में आए हैं। शुक्रवार को दोपहर दो बजे जब टीम खानूगांव के पिछले हिस्से में पहुंची तो, यहां रहने वाले तीस से अधिक झुग्गीवासी टीम को देखकर मकानों में ताला डालकर भाग गए। सर्वे टीम ने इन मकानों पर निशान लगाकर अतिक्रमण चिन्हित किए हैं। इधर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के आईपीएस कॉलेज की बिल्डिंग भी पचास मीटर के दायरे से बाल-बाल बच गई, हालांकि कॉलेज के खेल ग्राउंड का ओपन हिस्सा पचास मीटर के दायरे में दर्ज किया गया है।

### बैरागढ़ सर्कल के कोहेफिजा और हलालपुर के 70 से अधिक कब्जे चिन्हित

बैरागढ़ सर्कल के कोहेफिजा और हलालपुर के 70 से अधिक चिन्हित अतिक्रमणों को लेकर जांच शुरु कर दी गई है। इन लोगों से प्रॉपर्टी के दस्तावेज मांगे गए हैं, जिसके निराकरण में एक हफ्ते का समय लग सकता है, जबकि जिन लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं। उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। जिसमें पचास से अधिक मकान ऐसे मिले हैं, जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं। इन मकानों पर शनिवार को बुलडोजर चलाया जाएगा।

### कर्व में पांच फीट बढ़ी तालाब की सीमा



अपर तहसीलदार केके पंडोले की टीम जब आरिफ मसूद के कॉलेज की तरफ आई तो, टीएंडसीपी का कॉर्डिनेट प्वाइंट पुराने प्वाइंट के पांच फीट बाहर आया, बावजूद इसके मसूद का कॉलेज बाल-बाल बच गया। जबकि कॉलेज का ओपन खेल ग्राउंड पचास मीटर के दायरे में आया है। बताया जा रहा है कि कॉलेज को अब ब्यावरा रोड स्थित परवलिया के पास शिफ्ट कर दिया गया है। यहां पर स्कूल का संचालन किया जाता है। तालाब के कर्व एरिया में फुल टैंक लेबल पांच फीट तक बढ़ा हुआ आया है।

### आईपीएस कॉलेज के आगे तालाब किनारे बने भैंसों के तबेले


खानू गांव में तालाब की हद में की जा रही है खेती।

खानूगांव के पिछले हिस्से में जब टीम ने जांच शुरु की, तो टीएंडसीपी के नक्शे के हिसाब से मकानों पर लाल निशान लगाकर अतिक्रमण चिन्हित किए गए। आईपीएस कॉलेज के आगे कई लोगों ने भैंसों के तबेले बना रखे हैं। जिनकी गंदगी भी तालाब में मिल रही है। अब बेहटा और बोरबन में कई मैरिज गार्डन के हिस्से भी पचास मीटर के दायरे में आ सकते हैं।

---

## बुक, यूनिफॉर्म समेत स्टेशनरी खरीदने के दबाव को रोकने की तैयारी


# निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम, 8 एसडीएम करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य अभिभावक पर बुक, यूनिफॉर्म समेत स्टेशनरी खरीदने पर दवाब नहीं डाल पाएंगे। इसकी रोकथाम के लिए सत्र शुरू होने से पहले ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और निगरानी के लिए टीमें गठित कर दी हैं। भोपाल कलेक्टर द्वारा हर अनुभाग में एसडीएम समेत 5 सदस्यी टीम का गठन किया गया है। इसमें संबंधित एसडीएम, तहासीलदार और सरकारी स्कूल के प्राचार्यों शामिल है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने प्राइवेट स्कूलों में यूनिफॉर्म-बुक को लेकर आदेश जारी किए हैं। 8 एसडीएम को जिम्मेदारी देते हुए कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि शिकायत मिलने पर तत्काल एक्शन लिया जाए। संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि अभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, जो मार्च में भी होंगी। इसके बाद अप्रैल में स्कूल फिर से खुलेंगे। ऐसे में नए शिक्षा सत्र से पहले आदेश जारी किए थे।

*भोपाल कलेक्टर ने हर अनुभाग में एसडीएम समेत 5 सदस्यीय टीम गठित की*



### कई निजी स्कूल तय दुकानों पर भेजते हैं

दरअसल, कई स्कूल ऐसे हैं, जिसमें बच्चों और अभिभावक को निर्धारित दुकानों से ही यूनिफॉर्म, जूते, टाई, किताबें, कॉपियां खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। पूर्व में इसको लेकर शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे में नए सत्र में यह न हो, इसलिए कलेक्टर हर अनुभाग में एसडीएम समेत 5 सदस्यी टीम का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार, निजी स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य पेरेंट्स पर बुक, यूनिफॉर्म समेत स्टेशनरी खरीदने पर दवाब नहीं डाल सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई टीमों में संबंधित एसडीएम, तहासीलदार और सरकारी स्कूल के प्राचार्यों को शामिल किया गया है।

### इन अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

*जारी आदेश के अनुसार, एमपी नगर एसडीएम एलके खरे के साथ तहसीलदार दीपक कुमार द्विवेदी, प्राचार्य एसके खांडेकर, वंदना शुक्ला और नूतन सक्सेना टीम में रहेंगे। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा के साथ तहसीलदार कुणाल राउत, प्राचार्य अभिषेक बैंस, सरला कश्यप और मनोज रोहतास टीम में रहेंगे। कोलार एसडीएम पीसी पांडेय के साथ तहसीलदार एनएस परमार, प्राचार्य आरके यादव, शीला मौर्य और बीआरसी रूपाली रिछारिया टीम में रहेंगे। शहर वृत एसडीएम दीपक पांडेय के साथ तहसीलदार रामप्रकाश पांडे, प्राचार्य एसके उपाध्याय, एसएस सिसौदिया और बीआरसी अमित श्रीवास्तव टीम में रहेंगे। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय के साथ तहसीलदार हर्षविक्रम सिंह, प्राचार्य अनामिका खरे, नीलम बसानिया और वेरोनिका मंडल टीम में रहेंगे। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के साथ तहसीलदार आलोक पारे, प्राचार्य सुनीता जैन, रचना श्रीवास्तव और अमिता शर्मा टीम में रहेंगे। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा के साथ तहसीलदार दिलीप चौरसिया, बीईओ आरएन श्रीवास्त्री, प्राचार्य गीता जोशी और बृजेंद्र कुमार कटारे।*

---

## टीटी नगर में एक घंटे में आग पर पाया काबू

# खाली मैदान पर जमा था कचरा, ढेर में लगी आग, धुएं से मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


आग को बुझाता दमकल अमला।

शहर के टीटी नगर में शुक्रवार को दोपहर अचानक कचरे के ढेर से आग की लपटें उठने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसमान में धुएं का गुबार छा गया और अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंची दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। कस्तूरबा स्कूल के पास खाली पड़े स्थान पर लंबे समय से कचरे के ढेर लगा था। किसी शरारती तत्व द्वारा इसमें आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने की सूचना पर दमकलें मौके पर पहुंची। कचरा सूखा होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी और चारों ओर घना धुआं उठने लगा। दमकलों की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर आफीसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। समय रहते आग को फैलने से रोक लिया गया। संबंधित क्षेत्र के एएचओ को सूचना देकर वहां कचरा डंप नहीं करने देने की जानकारी दी गई है।



श्रीजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने खेली राधा-कृष्ण के साथ होली।

# श्रीजी मंदिर में उड़ी गुलाल, श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण के साथ फूलों से खेली होली

## श्रीजी मंदिर में उतरा बृजधाम, दस किलो गुलाल उड़ा दो क्विंटल फूल भी बरसे

पुराने शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर का शुक्रवार को नजारा कुछ अलग दिखा। शाम छह बजे से बड़ी संख्या में मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। रात साढ़े सात बजे तक बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हो गई थी। इसके बाद राधा व श्रीकृष्ण बने युवक-युवतियों के ऊपर फूलों की होली खेली गई। मंदिर में फाग के रंग ऐसे बरसे कि मानो पूरा बृजधाम ही यहां उतर आया। फाग गीतों पर झूमते रसिक भक्तों ने 2 क्विंटल गुलाब, चमेली, चंपा और गेंदा के फूलों से जमकर होली खेली। करीब 10 किलो रंगबिरंगे गुलाल और पिचकारियों से छूट रही रंगों की बौछार से भक्त तरबतर हो गए। मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि रंगभरी एकादशी के मौके पर प्रभु श्रीनाथजी नीले वस्त्र के साथ सोने का सिंगार और सिर पर मीना के मुकुट के साथ सिंगार किया। मंदिर समिति ने पानी में केवड़ा, केसर और इत्र घोलकर हुरियारों पर छिड़का तो वातावरण महक उठा। शहर के राधावल्लभ व बांके बिहारी मंदिरों में भी ऐसे ही नजारे दिखे।



## रंगभरी एकादशी में राजधानी के मार्कंडेय मंदिर बांके बिहारी, गुफा मंदिर लालघाटी, मां वैष्णो धाम आदर्श नगर में हुई विशेष पूजा-पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को भक्तों ने देवों के देव महादेव व भगवान विष्णु पर रंग-गुलाल चढ़ाकर जीवन में खुशहाली के लिए प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन सहस्त्रानाम पाठ के साथ शिवलिंग पर गुलाल और भगवान विष्णु पर तुलसी व गुलाल चढ़ाने से विशेष फल मिलता है, साथ ही भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। शहर के प्रमुख मार्कंडेय मंदिर बांके बिहारी, गुफा मंदिर लालघाटी, मां वैष्णो धाम आदर्श नगर व श्रीजी मंदिर सहित अन्य में मंदिरों में विशेष पूजा पाठ की गई। इसके चलते दिन भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही।

## खबर संक्षेप

### हिंदू नव वर्ष के साथ शुरू होगा महानगर मेला उत्सव समिति का मेला

**भोपाल।** इस बार हिंदू नव वर्ष पर्व के शुभारंभ के साथ ही महानगर मेला उत्सव समिति नव वर्ष मेला महोत्सव की शुरुआत होगी। महानगर मेला उत्सव समिति, भोपाल के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में 19 मार्च से 18 अप्रैल तक मेला महोत्सव चलेगा। इसमें शहरवासियों को धर्म, संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यापार का पारिवारिक संगम देखने को मिलेगा। इस मौके पर विशेष रूप से 501 बटुकों की ओर से स्वस्तिवाचन का पाठ के साथ कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की ओर से शिवलिंग की स्थापना कर महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। इस महोत्सव की थीम एक लोटा जल, हर समस्या का हल को रखा गया है।

### महोत्सव का हर दिन होगी, अलग अनुभूति

महोत्सव का हर एक दिन अलग अनुभूति कराएगा। प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा होगी और संध्या आरती भी होगी। साथ ही महिषासुर मर्दिनी का सामूहिक पाठ किया जाएगा।
- प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को शाम को सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाएगा।
- राम नवमी के दिन विशिष्ट सामूहिक हवन-पूजन और राम नाम जाप का आयोजन होगा।

### देवभूमि ज्योतिष मार्तंड सम्मान से विभूषित हुए पंडित मोहनलाल




**भोपाल।** मैहर मां शारदा के ज्योतिष एवं वास्तु के मर्मज्ञ पं. मोहनलाल द्विवेदी को जयराम आश्रम ऋषिकेश द्वारा देवभूमि ज्योतिष मार्तंड सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे ज्योतिष के विशिष्ट विद्वानों के समक्ष प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। मां शारदा के चरणों में धुनी रमाए ग्रहों की गणना करने वाले मां शारदा की महिमा के मर्मज्ञ पंडित द्विवेदी को यह सम्मान उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान तथा ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान हेतु किया गया। इनको पूर्व में भी अनेकों सम्मान, उपाधि तथा स्वर्ण पदक देश के विभिन्न प्रांतों दिल्ली, हरिद्वार, जालंधर, धर्मशाला, वाराणसी, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, उदयपुर, भुवनेश्वर, मांडव, दतिया आदि से मिल चुके है। पंडित द्विवेदी इन्हें सब मां शारदा की कृपा और माता पिता के पुण्य कर्मों का प्रतिफल मानते है।

## टेसू के रंग से 4 दिवसीय भव्य होली महोत्सव शुरू

भोपाल। रंगभरी एकादशी के साथ ही इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में चार दिवसीय भव्य होली उत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हो गया। उत्सव की शुरुआत पारंपरिक ढफ वादन के साथ हुई, जो एकादशी से पूर्णिमा तक निरंतर गूंजता रहेगा। मंदिर परिसर में ब्रज की रसिक परंपरा के अनुरूप वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर ठाकुर जी को विशेष श्वेत पोशाक धारण करवाई गई। श्वेत वेशभूषा में सजे ठाकुर जी ने भक्तों के साथ रंग और पुष्पों की होली खेली। उत्सव के प्रथम दिन लगभग 50 किलो विभिन्न प्रकार के पुष्पों से होली खेली गई, जिनमें विशेष रूप से गेंदा, गुलाब और सेवंती के फूल शामिल रहे। साथ ही 20 किलो प्राकृतिक रंग और जल से भी होली का आनंद लिया गया। विशेष आकर्षण टेसू के



फूलों से तैयार किया गया गाढ़ा प्राकृतिक रंग रहा। टेसू के पुष्पों को पारंपरिक विधि से भिगोकर रंग तैयार किया गया, जिससे ठाकुर जी और भक्तों ने उत्साहपूर्वक होली खेली। मंदिर में ढफ की थाप, रसिया गायन और पुष्प वर्षा के बीच चार दिवसीय होली उत्सव भक्तिरस में सराबोर वातावरण में प्रारंभ हुआ

## 50 से अधिक स्थानों पर मिलेगा गोकाष्ठ, जागरुकता को लेकर आज से शुरू होगी नुक्कड़ सभाएं

**भोपाल।** गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से राजधानी बुधवार से 50 से अधिक स्थानों पर गोकाष्ठ विक्रय काउंटर लगाकर बिक्री शुरू की गई। गोकाष्ठ समिति के केंद्रों से 10 रु प्रतिकिलो की दर से गोकाष्ठ 25 एवं 30 किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध कराई जाएगी। इस बार 5 हजार से अधिक क्विंटल से अधिक लकड़ी का स्टॉक रखा गया है। इससे आसानी से होलिका दहन समिति को लकड़ी मिल सकेगी। तो वहीं लोगों को गोकाष्ठ को लेकर जागरूक करने के लिए समिति की ओर से शनिवार से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इससे 100 से अधिक कलाकार प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक करेंगे।




### इन सेंटर आज भी बिक्री की जाएगी

कालिका मंदिर भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी बावड़िया कला गुजराती कॉलोनी, राम मंदिर हमीदिया रोड, मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स बरखेड़ा, शुभम नर्सरी -21 मॉल के सामने, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, खंडेलवाल इंटरप्राइजेज करोंद चौराहा, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बस स्टैंड बैरसिया, साकेत नगर गुरुद्वारा, महात्मा गांधी चौराहा भेल, पंजाबी बाग गुरुद्वारा रायसेन रोड, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, ग्राउंड मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, शुभम नर्सरी पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल गौतम नगर,फायर ब्रिगेड आफिस के पास बैरागढ, नगर निगम आफिस के पास गांधी नगर सहित अन्य जगहों से लोग गोकाष्ठ खरीद सकेंगे।

# बंदों ने अदा की दूसरे जुमे की नमाज उलेमा ने बताए रोजे के फायदे

**रमजान माह के दूसरे जुमे पर भी बंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर इबादत की**

**राजधानी भोपाल की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मसाजिद में किए गए थे खास इंतजाम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान माह के दूसरे जुमे पर भी बंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर इबादत की। नमाज के बाद मस्जिदों में भलाई की दुआएं भी मांगी गईं। इसके पहले अधिकतर मस्जिदों में रमजान माह की फजीलत और आदाब बताए। राजधानी की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मसाजिद में दूसरे जुमे को लेकर खास इंतजाम किए गए थे, जिसको लेकर नमाज के पहले बयान किए गए, जिसमें रमजान की फजीलत पर बात कही गई। शहर की अन्य मस्जिदों में भी इस पवित्र माह में गुनाहों से बचने की नसीहत दी गई।



## खबर संक्षेप



### नगर निगम से सात कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**भोपाल।** नगर निगम में सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त सात कर्मियों को उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने शाल, श्रीफल, मिष्ठान भेंटकर विदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। माता मंदिर, हर्षवर्धन काम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त ने सेवानिवृत्त हुईं स्टेनो टाईपिस्ट लीली मैथ्यू, शहाना अली, कौशल्या रंगवानी, नौशाद अली, पुरूषोत्तम, रामप्यारे और विनियमित नसरीन को विदाई दी। इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एस. नजीर अहमद के अलावा राम सिंह राठौर, हसन तैयब, जगदीश प्रसाद, आनंद कुमार फुलवानी, अब्दुल रफीक सहित आदि मौजूद रहे।

### होली अवकाश 4 मार्च को घोषित करने की मांग

**भोपाल।** होली को लेकर बैंकिंग उद्योग में अवकाश की तारीख को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। इसी क्रम में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस मध्यप्रदेश के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने राज्य शासन से मांग की है कि बैंकिंग उद्योग में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत 4 मार्च 2026 को होली का अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि वास्तविक पर्व इसी दिन मनाया जाएगा। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाश सूची में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत होली का अवकाश 3 मार्च 2026 को घोषित किया गया है। होली भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण त्योहार पर यदि बैंक कर्मचारी और अधिकारी अपने परिवारों के साथ समय नहीं बिता पाएंगे तो यह उनकी भावनाओं के साथ न्याय नहीं होगा।

### वन भवन में विधिक प्रकोष्ठ का हुआ शुभारंभ

**भोपाल ।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे ने शुक्रवार 27 फरवरी को वन भवन मुख्यालय में वन विभाग विधिक प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया गया। विधिक प्रकोष्ठ वन विभाग मध्यप्रदेश की केन्द्रीय संस्थागत इकाई के रूप में कार्य करेगा। प्रकोष्ठ उन समस्त न्यायिक एवं अर्द्ध न्यायिक कार्यवाहियों का प्रबंधन, समन्वय एवं अनुश्रवण करेगा जिनमें विभाग पक्षकार है। साथ ही यह विवादों के रोकथाम के लिये विभागीय कार्यों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर समस्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक उपस्थित रहे।




कुल 3478 प्रश्न प्राप्त हुए, ध्यानाकर्षण की 902 सूचनाएं, शून्यकाल की 337 सूचनाएं, 771 याचिकाएं प्राप्त हुईं

# विधानसभा की कार्यवाही कुल 62 घंटे तक चली, सभी कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न

## बजट सत्र का समापन, सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गई। इस बजट सत्र (फरवरी-मार्च 2026) के समापन मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन में कहा कि 16वीं विधान सभा के नवम सत्र में कुल 10 बैठकें आयोजित हुईं। इनमें विधायी, वित्तीय तथा लोक महत्व के अनेक महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हुए। बजट सत्र के समापन अवसर पर अध्यक्ष तोमर सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही कुल 62 घंटे तक चली। सभी कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। जहां प्रश्नों के माध्यम से सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। वहीं ध्यानाकर्षण के माध्यम से शासन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। अध्यक्ष तोमर ने कहा कि इस सत्र के महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षणों में गौ-संरक्षण के विषय को प्रमुखता से उठाया गया।


विधायक रामेश्वर शर्मा

### सदन में वर्ष 2026-27 का बजट पारित

विधानसभा में महत्वपूर्ण कार्यों के साथ सदन ने वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक को पारित किया। वर्ष 2025-26 की तृतीय अनुपूरक मांगों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। यह वित्तीय उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन का एक महत्वपूर्ण चरण रहा, जिसने शासन की नीतियों एवं योजनाओं को विधिक एवं संवैधानिक आधार प्रदान किया। सत्र के दौरान कुल 3478 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 1750 तारांकित एवं 1728 अतारांकित प्रश्न सम्मिलित थे। ध्यानाकर्षण की 902 सूचनाएं प्राप्त हुईं, शून्यकाल की 337 सूचनाएं तथा 771 याचिकाएं प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त 01 शासकीय विधेयक तथा 6 अशासकीय एवं 01 संविहित संकल्प पारित किए गए।

### मुख्यमंत्री ने कृषक कल्याण वर्ष में महत्वपूर्ण वक्तव्य सदन में दिया

समितियों के प्रतिवेदन भी सदन के पटल पर प्रस्तुत किए गए। साथ ही सदन के नेता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किया। सदस्यों ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर 9 घंटे 05 मिनट तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा 1 घंटा 44 मिनट तक चली। इसके साथ ही भोजनावकाश स्थगित कर सदन की बैठक अवधि में वृद्धि करते हुए अनुदान की मांगों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चाएं सम्पन्न हुईं। सदन की कुल कार्यवाही लगभग 62 घंटे तक चली। सभी कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। मप्र विधान सभा कई नवाचारो हुए। इसी क्रम में दिनांक 18 फरवरी को प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक का समस्त साहित्य सदस्यों को ई-बजट के रूप में, ई-विधान परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए टैबलेट्स में अपलोड कर प्रदान किया गया, जो पारदर्शिता एवं तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


मंत्री राकेश सिंह



### एफआईआर हटाने जंडेल ने किया 'शीर्षासन सत्याग्रह'

शुक्रवार को विधानसभा के दौरान श्योपुर से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने गांधी प्रतिमा के सामने 'शीर्षासन सत्याग्रह' कर अनोखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को राजनीतिक प्रताड़ना बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की। विधायक का आरोप है कि पिछले एक महीने में उनके खिलाफ तीन नई एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि अब तक कुल 15 मामले कायम किए जा चुके हैं। उनका कहना है कि वे जनता और गौ माता के मुद्दों को उठाते हैं, लेकिन बदले में उन पर केस दर्ज कर दिए जाते हैं। जंडेल ने बताया कि शिवपुरी में गौ संरक्षण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा शिव बारात के दौरान भी उन पर एफआईआर की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित के सवाल उठाने पर उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मैं गांधीवादी हूं, इसलिए अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह कर रहा हूं। जब तक मेरे खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली जाती, मेरा विरोध जारी रहेगा।

### अध्यक्ष के अनुभव के कारण विधानसभा ने एक नई ऊंचाई प्राप्त की

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सत्र अत्यंत सार्थक, परिणामकारी एवं जन भावनाओं के अनुरूप रहा। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में, आपके अनुभव के कारण विधान सभा ने एक नई ऊंचाई प्राप्त की है। इसलिए चाहता हूं कि पूरा सदन अध्यक्ष का अभिनन्दन करे। विजयवर्गीय ने कहा कि हमारा मप्र उन प्रदेशों में है, जिनकी विधान सभाओं की अपनी गरिमा एवं परम्परा हमेशा बहुत उच्चकोटि की रही है. जिसकी चर्चा सारे देश में की जाती है। अंत में वरिष्ठ विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने सदन में कहा कि हमारी विधान सभा की जो गौरवमयी परम्परा रही है, वह दबे पांव धीरे-धीरे वापस आ रही है।

#### दलीय निष्ठाएं भिन्न, पर हमारा साझा लक्ष्य सदैव जनहित का: तोमर

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों का मूल दायित्व जन-समस्याओं का निराकरण, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि दलीय निष्ठाएं भिन्न हो सकती हैं, परंतु हमारा साझा लक्ष्य सदैव जनहित ही रहता है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान अनेक विषयों पर गहन एवं कभी-कभी तीव्र बहस भी हुई। किंतु अंततः सभी कार्य लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस सत्र के सुचारू संचालन के लिए मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सभी मंत्री, सभापति तालिका के सदस्य, समस्त सदस्य, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया , विधान सभा के प्रमुख सचिव, विस सचिवालय एवं शासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया। तोमर ने होली, ईद-उल-फितर, राम नवमी तथा महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### 22 करोड़ से 72 करोड़ तक कैसे पहुंची भोपाल निगम मुख्यालय की लागतः जयवर्धन

राजधानी में बन रहे नगर निगम के नवीन मुख्यालय भवन को लेकर विधानसभा में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार, निर्माण गुणवत्ता में लापरवाही और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। जयवर्धन सिंह ने सदन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि परियोजना का प्रारंभिक टेंडर 22 करोड़ 57 लाख रुपए का था, लेकिन बाद में लागत में बार-बार बढ़ोतरी की गई। नियमानुसार टेंडर राशि अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही बढ़ाई जा सकती है अन्यथा दोबारा निविदा प्रक्रिया अनिवार्य होती है। कांग्रेस विधायक का आरोप है कि इस नियम की अनदेखी कर निर्माण एजेंसी को लाभ पहुंचाया गया। जयवर्धन सिंह ने दावा किया कि निर्माण कार्य में निम्न स्तर की सामग्री उपयोग किए जाने की शिकायतें हैं। फायर सेफ्टी जैसे अहम सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी की गई है। इतने बड़े प्रशासनिक मुख्यालय में पर्याप्त मीटिंग हॉल का प्रावधान नहीं होना योजना की गंभीर खामी को दर्शाता है।


जयवर्धन सिंह

#### टैक्स के पैसे का हिसाब दो

जयवर्धन सिंह ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय स्वतंत्र तकनीकी और वित्तीय जांच, थर्ड पार्टी ऑडिट और टेंडर से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यह मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक उठाया जाएगा।

कार्य मंत्रणा पर उठे सवाल

## कैग रिपोर्ट के बाद वक्फ संपत्तियों पर मसूद-सारंग आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के बाद वक्फ संपत्तियों को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि जिन जमीनों को सरकारी बताया जा रहा है, वे वास्तव में दान की गई वक्फ संपत्तियां हैं, जिन पर राजस्व विभाग ने कब्जा कर रखा है। मसूद ने स्पष्ट कहा कि वक्फ की जमीन सरकारी नहीं होती, बल्कि समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से दान में दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन संपत्तियों के रिकॉर्ड और प्रबंधन में भारी गड़बड़ियां हैं। उनके मुताबिक सरकार को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि वक्फ संपत्तियों की वास्तविक स्थिति क्या है और राजस्व अभिलेखों में उन्हें किस आधार पर दर्ज किया गया है। वहीं सरकार की ओर से मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में चर्चा के लिए पर्याप्त समय दिया गया था और कार्य मंत्रणा समिति की बैठकों में नेता प्रतिपक्ष भी मौजूद थे। सारंग ने आरोप लगाया कि अब इस मुद्दे को उठाना कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन की कार्यवाही नियमानुसार चली और अध्यक्ष का विशेष सहयोग मिला। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने सरकार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा पत्र

## उमंग ने की लोकायुक्त, कैग रिपोर्ट पर चर्चा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में लोकायुक्त और नियंत्रक महालेखा परीक्षक कैग की रिपोर्टों को लेकर सियासत तेज हो गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र सौंपकर लोकायुक्त तथा कैग के प्रतिवेदनों पर सदन में चर्चा कराए जाने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि लोकायुक्त और कैग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर अब तक विधानसभा में विस्तार से चर्चा नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि ये प्रतिवेदन शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली, वित्तीय प्रबंधन और संभावित अनियमितताओं से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं, जिन पर सदन में विचार-विमर्श आवश्यक है। उमंग सिंघार ने पत्र में आग्रह किया है कि जनहित, पारदर्शिता और जवाबदेही की दृष्टि से इन रिपोर्टों को चर्चा के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

उनका कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका की जिम्मेदारी है कि वह लोकायुक्त और कैग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की रिपोर्टों पर गंभीरतापूर्वक विचार करे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इन प्रतिवेदनों पर सदन में चर्चा होती है तो न केवल वित्तीय अनुशासन को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही भी तय होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने वन विभाग के विजन डाक्यूमेंट का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन विभाग की ओर से प्रकाशित विजन 2047-रीइमैजिनिग फॉरेस्ट रिसोर्सेस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलियंट फ्यूचर पुस्तक का मुख्यमंत्री निवास में विमोचन किया। विजन @2047 राज्य में जैव विविधता समृद्ध, सामुदायिक सहभागिता आधारित वन प्रबंधन की दीर्घकालिक रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

प्रमुख सचिव वन संदीप यादव ने बताया कि प्रदेश के वनों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु-सहिष्णु तथा जैव-विविधता से समृद्ध आदर्श वनों के रूप में स्थापित करना विजन @ 2047 का लक्ष्य है। दृष्टि पत्र में वनों के संरक्षण और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

दृष्टि पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम, समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में प्रदेश के वनों का संरक्षण किया जाएगा।


विमोचन करते सीएम।

#### धरोहरों के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख

*दृष्टि पत्र में प्रदेश के वन क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अम्बाड़े, प्रबंध संचालक राज्य वन विकास निगम एचयू ख़ान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) विभाष कुमार ठाकुर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) शुभरंजन सेन, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ समीता राजौरा तथा संचालक वन विहार विजय कुमार इस अवसर पर उपस्थित थे।*

फसल ऋण के लिए केसीसी स्वीकृति व नवीनीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन होगी

## केसीसी स्वीकृति व नवीनीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने हके लिए गठित कमेटी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने आज बैंक मुख्यालय में आयोजित बैठक में इस कार्य के लिए गठित कमेटी की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित किया कि सभी पैक्स सदस्यों हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्वीकृति एवं नवीनीकरण प्रक्रिया का कार्य आनलाईन करने की कार्रवाई शुरू की गई है। इससे किसानों को फसल ऋण लेने की प्रक्रिया सरलीकृत होगी एवं कम समय में शून्य प्रतिशत योजना का लाभ मिल सकेगा। बैठक में कमेटी के सदस्य के रूप में संयुक्त आयुक्त सहकारिता अम्बरीष वैद्य, नाबार्ड, मप्र के उप महाप्रबंधक नन्दू जे.नायक, अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद बौद्ध, कमेटी के सदस्य संयोजक व प्रबंधक आईटी आशीष राजौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार सिंह व सौरभ जुनवाल, मप्र राज्य लोक सेवा अभिकरण के कंसलटेंट भी उपस्थित हुए।



## स्वास्थ्य महाकुंभः एक शहर में, एक साथ, एक समय पर 100 सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संगठन एवं सेवा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती द्वारा शनिवार को स्वास्थ्य अभियान आयोजित किया जा रहा है। देश में पहली बार किसी एक शहर में, एक ही दिन एवं एक ही समय पर 100 अलग-अलग सेवा बस्तियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित होंगे। शिविरों में नागरिकों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर एवं टीबी संबंधी जांचें की जाएंगी। साथ ही अंगदान के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। इन शिविरों में एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन के संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख एवं भोपाल विभाग सेवा प्रमुख पर्वत सिंह ने सभी सेवा बस्तियों के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी जांच करवाएं।

#### संघ कार्यकर्ता करेंगे फॉलोअप

जिन व्यक्तियों में किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण या पुष्टि होगी, उनके लिए संघ के कार्यकर्ता व्यवस्थित फॉलो-अप करेंगे तथा उन्हें संबंधित चिकित्सकों एवं अस्पतालों तक पहुंचाकर समुचित उपचार सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कांग्रेस विधायक पर जताया विश्वास

## भंवर सिंह शेखावत फिर बने लोकलेखा समिति के सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा की समितियों के लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराने के बाद सभापति और सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी है। ये सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत को एक बार फिर लोक लेखा समिति का सभापति बनाया है। पूर्व मंत्री जयंत मलैया उनकी टीम के सदस्य के रूप में काम करेंगे।

साथ ही तीन अन्य समितियों के सभापति की जिम्मेदारी भाजपा विधायकों को सौंपी गई है। विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा में सदन में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए समितियों के निर्वाचन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोक लेखा समिति समिति के सभापति भंवर सिंह शेखावत, प्राक्कलन समिति सभापति अजय बिश्नोई, सरकारी उपक्रम संबंधी समिति सभापति अर्चना चिटनिस, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति सभापति डॉ. राजेंद्र पांडे और सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### जानिए किस समिति में कौन रहेंगे

- **लोक लेखा समितिः** समिति के सभापति भंवर सिंह शेखावत होंगे। सदस्यों के नाम जयंत मलैया, मीना सिंह मांडवे, ओपी धुर्वे, नागेंद्र सिंह, उषा ठाकुर, डॉ योगेश पंडाग्रे, रामेश्वर शर्मा, संजय उइके, दिनेश जैन बोस, रीति पाठक हैं।
- **प्राक्कलन समितिः** प्राक्कलन समिति के सभापति अजय विश्नोई होंगे। विधायक शैलेंद्र जैन, रमेश मेंदोला, हरिशंकर खटीक, दिव्यराज सिंह, नीना वर्मा, सुदेश राय, आशीष गोविंद शर्मा, नारायण सिंह पट्टा, राजेंद्र भारती, देवेंद्र सखवार बनाए हैं।
- **सरकारी उपक्रमों संबंधी समितिः** इस समिति में अर्चना चिटनिस सभापति होंगी। इस समिति के सदस्यों के नाम कुंवर सिंह टेकाम, अशोक रोहाणी, दिलीप सिंह परिहार, देवेंद्र जैन, गायत्री राजे पवार, केशव देसाई, बृजेंद्र यादव, सुशील कुमार तिवारी, फूल सिंह बरैया, नितेंद्र सिंह राठौर हैं।
- **स्थानीय निकाय और पंचायती राज लेखा समितिः** सभापति डॉ. राजेंद्र पांडे होंगे। समिति के सदस्यों में बृजेंद्र प्रताप सिंह, मालिनी गौड़, कमलेश प्रताप शाह, ललिता यादव, विष्णु खत्री, सतीश मालवीय, जयवर्धन सिंह, डॉ. सतीश सिकरवार, अभय मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल शामिल किए हैं।

## लोधी समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुआ नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोधी समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह शुक्रवार को शहीद भवन आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि लोधी समाज को अपने गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी होनी चाहिए, साथ ही पदाधिकारी को जो दायित्व मिल रहा है, उसके प्रति समर्पण भाव से काम करने की आवश्यकता है।

आने वाली सदी डाटा की होगी जिस समाज के पास डाटा नहीं होगा उस समाज को कुछ मिलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि लोधी लोधा समाज को अपने अतीत की जानकारी होना आवश्यक है एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि समाज कुरीतियों से मुक्त हो। इस मौके पर राजा हृदेशशाह लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 28 अप्रैल को कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया।



#### समाज को नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहना चाहिए : मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि समाज को नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहना चाहिए लोधी समाज को राष्ट्रभक्ति का, बच्चों को पढ़ाई का तथा समाज सुधार का जुनून होना चाहिए।

**यह सम्मान 'सोसाइटी फॉर एथनो फार्माकोलॉजी' भारत द्वारा उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है**

# आचार्य बालकृष्ण एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय 'एथनोफार्माकोलॉजिस्ट' पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मोहाली

भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान, मोहाली में आयोजित सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी - इंटेग्रेटिंग ट्रेडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान, सोसायटी फॉर एथनो-फार्माकोलॉजी' भारत द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आयुर्वेद की उपलब्धि है, यह सम्पूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है।


प्रतिष्ठित सम्मान

### आयुर्वेदिक, पारंपरिक चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित

*पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोधकार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो रहे हैं, जो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों तथा पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों पर वैज्ञानिक ध्यान केंद्रित करते हैं। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण की यह उपलब्धि हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और साक्ष्य-आधारित शोधों की दिशा में पतंजलि की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का मजबूत प्रमाण है। आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में पतंजलि ने आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण में प्रस्तुत करने के लिए अनेक शोध कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य बालकृष्ण को उनके शोध कार्यों के लिए अनेक वर्षों से स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित वैज्ञानिकों की सूची में विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में भी सम्मिलित किया जा रहा है। उक्त सम्मान को प्राप्त करते हुए पतंजलि ने इसे आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के विज्ञान-आधारित पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। यह पुरस्कार न केवल आचार्य बालकृष्ण की व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान है, बल्कि भारतीय परंपरागत चिकित्सा ज्ञान को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के बीच प्रतिष्ठित करने का संकेत भी है।*

## गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम-हैदराबाद परिसर में गीतम ने किया स्कूल ऑफ एजुकेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हैदराबाद


स्कूल परिसर

दक्षिण भारत की अग्रणी विश्वविद्यालय एवं एमएचआरडी की 'ए' ग्रेड प्राप्त संस्था, जिसके परिसर विशाखापट्टनम, हैदराबाद और बेंगलुरु में स्थित हैं गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने हैदराबाद परिसर में गीतम स्कूल ऑफ एजुकेशन की स्थापना की घोषणा की है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप भविष्य के शिक्षकों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

नवस्थापित स्कूल ऑफ एजुकेशन शैक्षणिक वर्ष 2026–27 से चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) प्रारंभ करेगा। बीएससी, बीएड और बीए,बीएड कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि वे विषयगत ज्ञान को पेशेवर शिक्षक प्रशिक्षण के साथ एकीकृत करें, जिससे भावी शिक्षकों को विषय विशेषज्ञता के साथ-साथ सशक्त शिक्षण कौशल (पैडागॉजिकल आधार) भी प्राप्त हो सके। प्रत्येक कार्यक्रम में 50 छात्रों का प्रवेश होगा। आईटीईपी के अंतर्गत छात्र विज्ञान, गणित, अंग्रेजी या सामाजिक विज्ञान में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही समकालीन कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण के लिए आवश्यक पेशेवर दक्षताओं का विकास भी करेंगे।

### विश्वविद्यालय मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देगा

गीतम हैदराबाद परिसर के प्रो वाइस-चांसलर प्रो डीएस राव ने बताया कि पाठ्यक्रम को सावधानीपूर्वक इस प्रकार संरचित किया गया है कि इसमें शिक्षा के दर्शन, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान जैसे आधारभूत विषयों के साथ-साथ शैक्षिक नीति, विद्यालय पारिस्थितिकी तंत्र और मूल्यांकन पद्धतियों से संबंधित मॉड्यूल शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे चिंतनशील शिक्षकों को तैयार करना है जो विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में सार्थक योगदान दे सकें। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करेगा, जिससे शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन मिलेगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षक शिक्षा तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी। चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय कॉमन एंट्रेंस टेस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित की जाती है।

# बिजनेस न्यूज

## एलएनसीटी में दो दिवसीय 'इंटरनेशनल कांफ्रेंस' का शुभारंभ



**भोपाल।** एलएनसीटी में दो दिवसीय कइंटरनेशनल कांफ्रेंस का शुभारंभ डॉ. रिचर्ड थैकरे , सीनियर लेक्चरर, धातु विज्ञान और धातु उत्पादन , शेफील्ड विश्वविद्यालय , यूनाइटेड किंगडम, डा. श्वेता चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी समूह, डॉ. अशोक कुमार राय, डॉ. वी के साहू एवं शिक्षाविदों ओर विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ । इस कांफ्रेंस का आयोजन एडवांस्ड इनोवेशन इन इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के सहयोग से हाइब्रिड मोड में डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, रायसेन रोड, भोपाल के द्वारा किया जा रहा है। डा. रिचर्ड ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने शोध कार्य के साथ बिल्डिंग ए ग्रीनर टुमारो : द फ्यूचर ऑफ सस्टेनेबल स्टील प्रोडक्शन लोहे और इस्पात उद्योग के भविष्य और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों और चुनौतियों के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

## टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026' का शुभारंभ



**भोपाल।** टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ( टीआईटी में "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026" के अंतर्गत एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन समारोह टीआईटीई ऑडिटोरियम में वैज्ञानिक भावना के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रायोजन में संपन्न हुआ। इस वर्ष कार्यशाला का विषय "विमेन इन साइंसः कैटालाइजिंग विकसित भारत" रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. नीरज कुमार गौर, निदेशक, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर नवाचार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विकास गुप्ता ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सर सीवी रमन के योगदान को रेखांकित किया। उप प्राचार्य डॉ. सिबी जोसे ने सप्ताह भर आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## मलाबार ग्रुप ने माइक्रो लर्निंग सेंटर्स का विस्तार किया

**मुंबई।** मलाबार ग्रुप ने वंचित बच्चों के पुनर्वास और उन्हें दोबारा औपचारिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के अपने प्रयासों के तहत अपने माइक्रो लर्निंग सेंटर्स (एमएलसी) का विस्तार नए राज्यों और क्षेत्रों में करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक कारणों से स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को बुनियादी शिक्षा सहायता और संरचित देखभाल प्रदान करना तथा उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा में पुनः शामिल करना है। मलाबार ग्रुप के मुख्यालय कुट्टिक्कट्टूर, कोझिकोड में राज्य एवं जोनल समन्वयकों तथा एमएलसी का नेतृत्व कर रहे स्वयंसेवकों के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैनएमपी अहमद ने कहाकि माइक्रो लर्निंग सेंटर्स के माध्यम से हमने सड़क पर रहने वाले बच्चों की कठिन वास्तविकताओं को करीब से देखा है।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा-'स्मार्ट ऑनर्स' के बीच बढ़ा 'पर्पस-लेड' कर्ज लेने का रुझान

**मुंबई ।** कोटक महिंद्रा बैंक ने शहरी भारत में पर्सनल लोन के रुझानों में एक बड़ा बदलाव देखा है। अब आर्थिक रूप से अनुशासित और अच्छी आय वाले ग्राहक मजबूरी या संकट के बजाय एक रणनीतिक फैसले के तहत लोन को चुन रहे हैं। पर्सनल लोन अब अपनी पुरानी 'सिर्फ इमरजेंसी' वाली छवि से बाहर निकल रहे हैं। कोविड के बाद, कई ग्राहकों ने निवेश की अपनी परिभाषा को बड़ा किया है। वे अब वित्तीय बढ़त के साथ-साथ अच्छी सेहत, वेलनेस, नए अनुभवों और जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को भी निवेश जितना ही ज़रूरी मान रहे हैं। अपने लंबी अवधि के निवेश को बीच में भुनाने और 'कम्पाउन्डिंग' के फायदे को रोकने के बजाय, ग्राहक अब वेलनेस, पढ़ाई, यात्रा और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए तय ईएमआई का रास्ता चुन रहे हैं।

## आईईएसए विजन समिट 2026 में उत्पाद, उत्पादन और कौशल का तालमेल

**बेंगलुरु।** इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए देश के प्रधान उद्योग निकाय, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में आईईएसए विजन समिट 2026 का उद्घाटन किया। इंडस्ट्री, सरकार और एकेडेमिया के सबसे तेज़ दिमागों को एकजुट करने वाले दो दिवसीय समिट-डिजाइन टू मैन्युफैक्चरिंगः सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक बड़े बदलाव का इशारा दिया।उद्घाटन समारोह को सरकार के नेताओं, उद्योग जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और दिग्गजों के एक प्रतिष्ठित समूह ने संबोधित किया। इस मौके पर अमितेश कुमार सिन्हा, मनीष चड्ढा , डॉ.एमएम त्रिपाठी , राहुल शरणप्पा,महामहिम, इवाउट डीविट, महावाणिज्यदूत, नीदरलैंड दूतावास, अजीत मनोचा, अध्यक्ष, सेमी; गिलरॉय मैथ्यू , अशोक चांडक, प्रेसिडेंट, आईईएसए, रुचिर दीक्षित, आईईएसए चेयरपर्सन, वीपी और कंट्री मैनेजर सीमेंस ईडीए; प्रोफेसर तुम्माला राव, आईडीएसपीएस और एमिरेटस प्रोफेसर जॉर्जिया टैक, सलाहकार आईएसएम।

## मेदांता भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित हुआ

**नई दिल्ली।** ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड द्वारा संचालित मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम को न्यूजवीक की प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' रैंकिंग में भारत का नंबर 1 अस्पताल का दर्जा दिया गया है, जिसका संचालन स्टेटिस्टा इंक. के साथ साझेदारी में किया गया है। यह लगातार सातवां वर्ष है जब मेदांता को विश्व के अग्रणी अस्पतालों में स्थान मिला है, जो स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता में इसके नेतृत्व की पुष्टि करता है। 2026 की रैंकिंग में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, जापान, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट्स समेत 32 देशों के 2,500+ अस्पतालों को इवैल्यूएट किया गया। यह मूल्यांकन हजारों चिकित्सा विशेषज्ञों की सिफारिशों, रोगी अनुभव डेटा, अस्पताल गुणवत्ता मानकों और रोगी-रिपोर्टेड आउटकम मेजर्स (पीआरओएमएस) कार्यान्वयन सर्वेक्षण पर आधारित था।

### सीआईआई डब्ल्यूआर सम्मेलन

# सीआईआई के कामत ने किया उद्यमियों से मानसिकता में बदलाव का आह्वान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भारत पारंपरिक कौशल विकास से आगे बढ़कर कौशल नवाचार के युग में प्रवेश कर चुका है। अगले पांच वर्षों में लगभग 44 फीसदी मुख्य नौकरी कौशल में बदलाव आएगा। युवा पीढ़ी को प्रौद्योगिकी को अपनाने में स्वाभाविक लाभ हो सकता है, तेजी से बदलते कारोबारी माहौल में भविष्य में सुचारू रूप से आगे बढ़ने के लिए खुले मन से बदलाव को स्वीकार करना आवश्यक है। यह बात सीआईआई महाराष्ट्र राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष और कामत होटल्स (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक विशाल कामत ने कही। उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित सीआईआई डब्ल्यूआर सम्मेलन में उद्योग- जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाकर तीव्र तकनीकी परिवर्तन के युग में कौशल नवाचार और कार्यबल परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया। सीआईआई महाराष्ट्र राज्य कौशल




विकास पैनल के संयोजक और फोर्ब्स मार्शल में मानव संसाधन निदेशक बॉबी कुरियाकोस ने कहा कि प्रत्येक औद्योगिक क्रांति ने इस बात की पुष्टि की है कि आर्थिक प्रगति को केवल प्रौद्योगिकी ही नहीं, बल्कि लोग ही संचालित करते हैं। 2030 तक अनुमानित 40-50 फीसदी कार्यबल को पुनः कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी, इसलिए उन्होंने निरंतर सीखने और मजबूत उद्योग-अकादमिक सहयोग के माध्यम से तकनीकी प्रगति और कार्यबल की तैयारी के बीच के अंतर को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया।

### तीव्र तकनीकी परिवर्तनों के बावजूद उद्योग के मूलभूत सिद्धांत हैं: नंदकुमार

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र एमएसएमई उप समिति के अध्यक्ष और केमट्रोल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. के. नंदकुमार ने कहा कि तीव्र तकनीकी परिवर्तनों के बावजूद उद्योग के मूलभूत सिद्धांत - विश्वसनीयता, सुरक्षा और ईमानदारी- अपरिवर्तित रहते हैं। उन्होंने कहा कि सीआईआई के नेतृत्व में, भारत उद्योग 4.0 और स्थिरता पर चर्चाओं से आगे बढ़कर एमएसएमई के विकास, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने वाले ठोस पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में अग्रसर है।

### सीआईआई डब्ल्यूआर सम्मेलन में रहे मौजूद

*सीआईआई डब्ल्यूआर सम्मेलन में का संचालन सीआईआई डब्ल्यूआर कौशल विकास उप-समिति के सह-अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने किया। इसमें डॉ. सुरुचि विश्वासराव (वरिष्ठ वैज्ञानिक, फॉर्मूलेशन और प्रौद्योगिकी केंद्र - अनुसंधान एवं विकास प्रभाग, मर्क लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड, भारत),देवेंद्र कोप्पिकर (निदेशक - आईटी और डिजिटल सेवाएँ, डॉव केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड),सुशील दुबे (प्रमुख - डिजिटल सेवाएं और साइबर सुरक्षा के लिए परामर्श और बिक्री, सीमेंस) और प्रोफेसर विभोर पंधारे (सहायक प्रोफेसर, यांत्रिक इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी बॉम्बे) ने भाग लिया।*

## कपिला पशु आहार का 'विश्वास विकास सम्मेलन' संपन्न



**भोपाल।** कपिला पशु आहार की क्षेत्रीय वार्षिक बैठक 'विश्वास विकास सम्मेलन' आज भोपाल जिले में उत्साह और गरिमामय वातावरण के साथ संपन्न हुई। सम्मेलन में भोपाल, होशंगाबाद, विदिशा और रायसेन जिलों के लगभग 100 से अधिक व्यापारियों एवं डीलर्स ने भाग लेकर कंपनी के साथ अपने अनुभव साझा किए और आगामी वर्ष की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा करना, बिक्री लक्ष्य (सेल टारगेट) की प्रगति का मूल्यांकन करना और भविष्य की योजनाओं पर सामूहिक चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने उन डीलर्स और व्यापारियों को सम्मानित किया जिन्होंने वर्ष 2025-26 के निर्धारित बिक्री लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

### जल्द शुरू होगी 'कपिला गौ एम्बुलेंस' सेवा मप्र में

सम्मेलन की एक प्रमुख घोषणा "कपिला गौ एम्बुलेंस" सेवा को लेकर रही। कंपनी द्वारा हिन्द राइज फाउंडेशन के सहयोग से संचालित यह सेवा पशुओं के प्रारंभिक उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराती है। अभी तक सीमित क्षेत्रों में संचालित यह सेवा जल्द ही पूरे मध्य प्रदेश में शुरू की जाएगी। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को त्वरित और प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके। इससे न केवल पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## गोदरेज एग्रोवेट द्वारा 'टकाई' नामक नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक लांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंबई

गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक टकाई लांच किया है। आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक से संचालित टाकाई, प्रमुख लेपिडोप्टेरन कीटों (इल्ली/सुंडी वर्ग के कीट) के विरुद्ध तेज नियंत्रण और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है, जो फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं। इससे किसानों को फसल की समग्र सेहत बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी को धान, मक्का, चना और सोयाबीन के लिए लेबल अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, जबकि पत्ता गोभी और मिर्च फसलों के लिए लेबल विस्तार की मंजूरी की प्रक्रिया जारी है। गोदरेज एग्रोवेट के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस के सीईओ एन.के. राजवेलु ने कहाकि प्रभावी कीट प्रबंधन भारतीय किसानों की सफलता को निर्धारित करता है। टकाई के माध्यम से हम किसानों को ऐसा समाधान देना चाहते हैं जो तेज़ी से कीटों की खुराक लेना बंद कराए और लंबे समय तक नियंत्रण बनाए रखे। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में और कीट प्रकोप के प्रति अत्यधिक संवेदनशील रहती हैं।




**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:–

**ई नीलामी दिनांक : 25.03.2026** (ई–नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 24.03.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री राजेश गुप्ता / श्री बिनीत कुमार | मो. नं. 9589076580/9557822211

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| **मेसर्स मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर : 1. श्री देवेन कुमार जैन पुत्र श्री विपिन कुमार जैन एवं 2.श्रीमती मोनिका जैन पत्नि श्री देवेन कुमार जैन** (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति का समस्त भू–भाग इंडस्ट्रीयल शेड व बिल्डिंग प्लॉट नं. डी–27–ए, सेक्टर फेस–II, इंडस्ट्रीयल एरिया, तहसील– गौहरगंज, जिला– रायसेन स्थित, कुल क्षेत्रफल : 5025 वर्ग मीटर, सीमाएं: पूर्व–प्लॉट नं. बी–4, पश्चिम– प्लॉट नं. डी–27–बी , उत्तर–खुली भूमी, दक्षिण– रोड, संपत्ति मालिक : मेसर्स मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर (नोट: भूमि बकाया, पट्ठा किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा) | (₹) 2,82,79,000/- / (₹) 28,27,900/- | 08-08-2022 / 30-01-2023 / ₹ 34439363.92 + दिनांक 01.08.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स जय जिनेंद्र इंडस्ट्री** (भौतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. एफ–04, प्रथम तल, विख्यात भवन, महावीर कॉम्प्लेक्स, पुरानी कलारी गली नं. 01, खारी फाटक रोड, खसरा नंबर 118/2, वार्ड नंबर 26, विदिशा (म.प्र), क्षेत्रफल: 850 वर्ग फुट, सीमाऐं : पूर्व–प्राण सिंह का घर, पश्चिम–फ्लैट नं. एफ–3, उत्तर–गली, दक्षिण–पैसेज और एफ–2, संपत्ति मालिक : श्री सोहल लाल कोठारी। अचल सम्पत्ति के मूल सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है। | (₹) 15,56,000/- / (₹) 1,55,600/- | 03-07-2015 / 09-10-2015 / ₹43167307.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स रेवा सुपर मार्केट** (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 239/2/1, प.ह.न. 21, वार्ड नं. 15, नसरूल्लागंज, तहसील–नसरूल्लागंज, जिला– सीहोर , क्षेत्रफल : 0.105 हेक्टेयर भूमि (11400 वर्ग फिट या 0.26 एकड़ ), सीमाऐं : पूर्व: रोड, पश्चिम–विक्रेता शेष भूमि, उत्तर–रोड, दक्षिण–रोड, संपत्ति मालिक : श्रीमती तेजकुंवर चावड़ा पत्नि श्री सावल सिंह चावड़ा, श्री इंद्रजीत सिंह चावड़ा पुत्र श्रीसावल सिंह चावड़ा, श्री सतेन्द्र सिंह चावड़ा पुत्र श्री सावल सिंह चावड़ा एवं श्री जितेन्द्र सिंह चावड़ा पुत्र सावल सिंह चावड़ा | (₹) 61,01,000/- / (₹) 6,10,100/- | 03-11-2019 / 15-01-2018 / ₹3556473.67 + दिनांक 01.10.2018 देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स सार्थक इंटरप्राईजेस** (भौतिक आधिपत्य) 1. गैर कृषि भूमि, ग्राम–पिपलिया लोरका, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/2/1 का भाग, सीमाएँ :– पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, दक्षिण : श्री सतीश अहेलिया की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्रीमति आशा जैन पत्नि श्री सोहनलाल कोठारी। । अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है | (₹) 72,53,000/- / (₹) 7,25,300/- | 28-07-2015 / 26-10-2015 / (₹) 28376390.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 2. गैर कृषि भूमि, ग्राम–पिपलिया लोरका, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/1/1 का भाग, सीमाएँ :– पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री नरेन्द्र प्रजापति की भूमि, दक्षिण : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्री सोहनलाल कोठरी। (भौतिक आधिपत्य) अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है | (₹) 74,49,000/- / (₹) 7,44,900/- | |
| **मेसर्स लक्ष्मी एग्रो इंडस्ट्रीज़** (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति फ्री होल्ड प्लाट बेरिंग खसरा नं. 91/2/1/2, पह नं.5, निशातपुरा, बैरसिया रोड, रेलवे क्रोसिंग के पास, तहसील–हुजूर, जिला–भोपाल, क्षेत्रफल : 13050 वर्गफिट , सीमाएं– पूर्व : बैरसिया रोड, पश्चिम: अन्य भूमि/खुला , उत्तर: रेलवे भूमि/लाईन, दक्षिण: भगवान दास एवं अन्य का प्लाट। संपत्ति मालिक : श्रीमति कांता देवी गिरधानी पत्नि स्व. श्री संजुमल गिरधानी | (₹) 1,52,91,000/- / (₹) 15,29,100/- | 11-09-2018 / 11-02-2019 / ₹18134825.55 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **श्री अभिषेक सिंह पुत्र श्री देवचंद सिंह** (भौतिक आधिपत्य) संपत्ति का समस्त भूभाग फ्लैट नं. एफआर–01, चतुर्थ तल, प्लाट नं. 9, अब्दुल मुजीब कॉम्प्लेक्स वार्ड नं. 9, मोहल्ला –कबीठपुरा, शाहजहानाबाद, भोपाल। क्षेत्रफल : 750 वर्ग फिट। सीमाऐं : पूर्व– खुला भाग, पश्चिम–कोरिडोर, उत्तर–आम सीढ़ियां, दक्षिण– फ्लैट नं. एफआर–2, संपत्ति मालिक : श्री अभिषेक सिंह पुत्र श्री देवचंद सिंह | (₹) 6,10,000/- / (₹) 61,000/- | 09-10-2017 / 02-02-2018 / ₹2134081.00 + दिनांक 01.10.2017 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **मेसर्स ए.एस. इंजीनियरिंग सर्विसेस** ( प्रो. श्री अरविंद सिंह चौहान ) 1. संपति का समस्त भू–भाग व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–05, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल, एरिया 369.40 वर्ग फिट व 34.33 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 213.40 वर्ग फिट। व 19.83 वर्ग मीटर । सीमाएं: उत्तर– ऑफिस नं. एफ–16,दक्षिण– कॉम्पलेक्स का मार्ग, पूर्व– ऑफिस नं. एफ–6, पश्चिम– कॉम्पलेक्स का मार्ग । सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह । (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 1,85,04,000/- / (₹) 18,50,400/- | 15-09-2018 / 30-01-2019 / ₹ 18786743.64 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / मेसर्स ए.एस. इंजीनियरिंग सर्विसेस की सभी संपत्ति संयुक्त रूप से बेची जावेंगी। |
| 2. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–06, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल। एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 253.21 वर्ग फिट व 23.53 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 207.21 वर्ग फिट व 19.25 वर्ग मीटर। सीमाएं: उत्तर– ऑफिस नं. एफ–16, दक्षिण– काम्पलेक्स रास्ता, पूर्व– ऑफिस नं. एफ–7, पश्चिम– ऑफिस नं. एफ–5, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 3. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–07, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल । एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 258.97 वर्ग फिट व 24.06 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 212.97 वर्ग फिट व 19. 79 वर्ग मीटर। सीमाएं:उत्तर– ऑफिस नं. एफ–18, दक्षिण– काम्पलेक्स रास्ता, पूर्व– ऑफिस नं. एफ–8, पश्चिम– ऑफिस नं. एफ–6, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 4. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–08, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल। एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 423.84 वर्ग फिट व 39.39 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 254.84 वर्ग फिट व 23.68 वर्ग मीटर। सीमाएं: उत्तर– ऑफिस नं. एफ–18, दक्षिण– काम्पलेक्स रास्ता, पूर्व– रास्ता, पश्चिम– ऑफिस नं. एफ–7, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 5. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–16, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल । एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 216.48 वर्ग फिट व 20.11 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 173.48 वर्ग फिट व 16.11 वर्ग मीटर। सीमाएं: उत्तर– ऑफिस नं. एफ–17, दक्षिण– ऑफिस नं. एफ–5 व 6, पूर्व– ऑफिस नं. एफ–18, पश्चिम– रास्ता, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 6. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–17, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल । एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 324.85 वर्ग फिट व 30.18 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 181.85 वर्ग फिट व 16.9 वर्ग मीटर । सीमाएं: उत्तर– रास्ता, दक्षिण– ऑफिस नं. एफ–16, पूर्व– ऑफिस नं. एफ–19, पश्चिम– रास्ता, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 7. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–18, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल। एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 218.63 वर्ग फिट व 20.31 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 176.63 वर्ग फिट व 16.41 वर्ग मीटर। सीमाएं:उत्तर– ऑफिस नं. एफ–19,दक्षिण–ऑफिस नं. एफ–7 व 8, पूर्व–रास्ता, पश्चिम– ऑफिस नं. एफ–16, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| 8. व्यवसायिक निर्माणाधीन ऑफिस नं. एफ–19, प्रथम तल बहुमंजिला मकान ''बाबू साहब परिसर'' मकान नं. 67, घोड़ा नक्कास स्थित, वार्ड नं. 20, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल। एरिया सुपर बिल्टअप एरिया 339.33 वर्ग फिट व 31.50 वर्ग मीटर व निर्माणाधीन एरिया 187.33 वर्ग फिट व 17.40 वर्ग मीटर । सीमाएं: उत्तर– रास्ता, दक्षिण– ऑफिस नं. एफ–18, पूर्व–रास्ता, पश्चिम– ऑफिस नं. एफ–17, सम्पत्ति मालिक: श्री अरविंद सिंह पुत्र श्री सुखराज सिंह। (सांकेतिक आधिपत्य) | | |
| **अब्दुल बासित खान पुत्र ए.डब्लु खान** (सांकेतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. जी–1, गंगा यमुना अपार्टमेंट, प्लाट नं. 339, त्रिलोचन नगर, भोपाल (म.प्र), **क्षेत्रफल** : 600 वर्ग फिट, **सीमाऐं** :– पूर्व :प्लाट नं. 340, पश्चिम : प्लाट नं. 338, उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लाट नं. 350 , **सम्पत्ति मालिक** :– अब्दुल बासित, नासीर खान एवं सादिया खान | (₹) 19,44,000/- / (₹) 1,94,400/- | 20-05-2019 / 09-08-2019 / ₹1819442.00 + दिनांक 01.12.2019 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च |
| **श्रीमती बबीता जोशी पत्नि श्री भगवती प्रसाद** (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति का समस्त भूभाग बंधक संपत्ति फ्लैट नं. टी–3, तृतीय तल, प्लॉट नं. 9, अब्दुल मुजीब काम्पलेक्स, कबीट्पुरा मोहल्ला ,शहजानाबाद, भोपाल। **सीमाएं**– पूर्व:फ्लैट नं. टी–2 एवं कोरिडोर , पश्चिम: खुला भाग आसमान की और, उत्तर: फ्लैट नं. टी–4, दक्षिण: खुला भाग आसमान की और। **संपत्ति मालिक** :– श्रीमति बबीता जोशी पत्नि श्री भगवती प्रसाद। | (₹) 7,38,000/- / (₹) 73,800/- | 09-10-2017 / 28-08-2018 / ₹2027268.00 + दिनांक 01.10.2017 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते** :– 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई–निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 25/03/2026 वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई–नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें ।

दिनांक: 27/02/2026
स्थान: भोपाल

सुरक्षित ऋणदाता
पंजाब नैशनल बैंक

## चिंतन

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।



## कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विवादित पाठ
प्रमोद भार्गव



# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें


राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है।

इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है।

इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं। शादी के बाद दपंत्ति की अलग-अलग जगह पद्स्थापना इन्हें मिलने में रोड़ा बनती है, अतएव ये लोग किसी न किसी बहाने छुट्टी लेकर एक-दूसरे से मिलने चले जाते हैं। ये नई संस्कृति अदालतों में काम का बोझ बढ़ाने का नया कारण बन गई है। अतएव, इस तरह के बिंदु नए पाठ में शामिल कर दिए जाते तो विद्यार्थियों को अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों की बढ़ती संख्या की व्यापक जानकारी मिलती।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# निंदा का परित्याग



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## सटाका




## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

*-परेश कौशिक, रायपुर*

## करंट अफेयर

# चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है। ऐसे में पिछले महीने सेना के शीर्ष जनरल को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है, जब शी सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। शी चिनफिंग 14 साल से सत्ता में हैं और विश्लेषकों का कहना है कि यह अभियान संभावित प्रतिद्वंद्वियों को हटाने और अपने अधीनस्थों के बीच निष्ठासुनिश्चित करने का एक तरीका भी है। इन बर्खास्तियों का नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो अगले बृहस्पतिर को शुरू होगी और इसके एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



## X ट्रेंड f

### पुण्यतिथि पर नमन

संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### शांतिपूर्ण विरोध 'अपराध'

आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जाता है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### जनविश्वास का प्रतिबिंब

हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।


**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### कट्टर ईमानदार

एक बार फिर डा. आम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार है।

**- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने तमिलनाडु में की समीक्षा

# आयोग राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने को प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु में है और जिला कलेक्टरों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। ईसीआई ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। सीईसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि वर्तमान में तमिलनाडु में 5 करोड़ 67 लाख मतदाता हैं। राज्य में 2.89 करोड़ महिला मतदाता हैं, जबकि 2.77 करोड़ पुरुष वोटर्स हैं। पूरे राज्य में 7,617 ट्रांसजेंडर वोटर्स हैं। 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगभग 4 लाख है और 100 साल से ज्यादा उम्र के 2,530 वोटर्स हैं।

**5.67** करोड़ मतदाता तमिलनाडु में

**188** सीटें सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित

**75** हजार पोलिंग बूथ बनेंगे



तमिलनाडु में मुख्य चुनाव आयुक्त अधिकारियों के साथ

### उचित तरीके से जोड़े- हटाए गए नाम

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मृत मतदाताओं, स्थानांतरित हो चुके लोगों या एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में दर्ज नामों को मतदाता सूची से सही तरीके से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से 23 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया, जिसका उद्देश्य था कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए।

### हर मतदान केंद्र पर 100 प्रतिशत

सीईसी ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए हर पोलिंग स्टेशन पर औसतन 756 वोटर होंगे, जिससे आरामदायक वोटिंग होगी।

### मोबाइल से देख सकेंगे पूरी प्रक्रिया

उन्होंने बताया कि मतदाता अपने मोबाइल के माध्यम से पूरी चुनावी प्रक्रिया तक पहुंच सकते हैं। वे लगभग रियल-टाइम में और बहुत सटीकता के साथ डेटा और जानकारी देख सकते हैं। अपने उम्मीदवारों से लेकर उनके दाखिल हलफनामे को भी देख सकते हैं।

### तमिलनाडु में एक चरण में चुनाव कराने पर विचार करेंगे

तमिलनाडु में राजनीतिक दलों ने आचुनाव एक चरण में कराने का प्रस्ताव रखा है। इस पर ईसीआई ने कहा कि आयोग इस सुझाव का गंभीरता से मूल्यांकन करेगा।

**बिहार मॉडल से भी बेहतर चुनाव कराने की तैयारी :** ईसीआई ने कहा कि तमिलनाडु का चुनाव व्यवस्था के मामले में अब तक का सबसे उत्कृष्ट चुनाव साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अनुभव में बिहार के पिछले चुनाव बेहद त्रुटिरहित रहे हैं।

#### बंगाल के चुनाव अधिकारियों पर हमला

### रास्ता भटकना पड़ा भारी, 'बच्चा चोर' समझकर पीटा, 72 गिरफ्तार

ओडिशा पुलिस ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के 2 चुनाव अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में 23 महिलाओं सहित कम से कम 72 लोगों को गिरफ्तार किया। स्थानीय लोगों को शक था कि गलती से उनके गांव में घुस आए चुनाव अधिकारी बच्चे का अपहरण करने वाले हो सकते हैं। सुमित हाजरा और सोम हंसदा बैंक कर्मचारी थे जिन्हें पश्चिम बंगाल के नयाग्राम पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बालियागरिया ब्लॉक में एसआईआर की निगरानी के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर तैनात किया गया था। वे बुधवार को गलती से पास के राजनगर गांव में घुस गए, जो बालासोर जिले के रायबानिया पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आता है। बालासोर के एडिशनल एसपी निरंजन बेहरा ने बताया कि जगहों तक जाने के लिए कोई परिवहन सुविधा न मिलने पर, दोनों अधिकारियों ने स्कूल ड्यूटी पर तैनात एक ऑटो रिक्शा से उन्हें नयाग्राम ले जाने का अनुरोध किया था।


## खबर संक्षेप

### जेएनयू में बवाल, प्रोफेसर का आमरण अनशन



**नई दिल्ली।** जेएनयू में बवाल के बाद छात्र संघ और शिक्षक संघ के खिलाफ अब फैकल्टी सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूलों की तालाबंदी, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करने, तोड़फोड़ और हंगामे के विरोध में जेएनयू ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने परिसर के साबरमती टी पॉइंट पर आमरण अनशन बैठ गए हैं।

### कोलकाता में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शुक्रवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। धरती हिलने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.3 थी। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के खुलना से लगभग 26 किमी दूर था। भूकंप से कजान-माल की क्षति की सूचना नहीं है।

### स्लीपर बस-ट्रेलर में टक्कर, 6 की मौत



**बालोतरा (राजस्थान)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे-25 पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही एक स्लीपर बस ओवरटेक के प्रयास में सामने से आ रहे ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई घायल हो गए।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। पिता खचंद्र सिंह स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत काफी खराब हो गई । उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रिंकू को टीम का साथ छोड़ घर लौटना पड़ा।

## 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त' पर बोले पीएम मोदी

# बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं यह विकसित भारत का दीर्घकालिक रोडमैप

### बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**वेबिनार को प्रभावी बनाने पर जोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार में कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पॉलिसी रोडमैप होता है। उन्होंने कहा कि बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, क्रेडिट फ्लो आसान बनाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, गवर्नेंस में पारदर्शिता लाएं और नागरिकों का जीवन सरल बनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि हर बजट राष्ट्र निर्माण की सतत प्रक्रिया का एक चरण है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य इसी क्रम में आगे बढ़ रहा है।

बजट के बाद होने वाले वेबिनार केवल विचार-विमर्श तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित प्रभावी ब्रेनस्टॉर्मिंग का मंच बनें। उन्होंने उद्योग, शिक्षाविदों, विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सटीक परिणामों के लिए आवश्यक बताया।

**नागरिकों का जीवन सरल बनाएगा**


बजट वेबिनार को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### सुधारों से बनी आर्थिक मजबूती

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का एक चौथाई बीतने के साथ भारत तेज आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण चरण में है। पिछले एक दशक में देश ने असाधारण लचीलापन दिखाया है, जो संयोग नहीं बल्कि दृढ़ नीतिगत सुधारों का परिणाम है। प्रक्रियाओं के सरलीकरण, टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस और मजबूत संस्थागत ढांचे ने अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

**दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ी**

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष फोकस रखा गया है। हाईवे, रेलवे, पोर्ट, डिजिटल नेटवर्क और पावर सिस्टम जैसे ठोस परिसंपत्तियों से दीर्घकालिक उत्पादकता पैदा होगी। 11 साल पहले सार्वजनिक पूंजीगत व्यय लगभग 2 लाख करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

### निजी क्षेत्र और वित्तीय संस्थानों की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री ने उद्योग और वित्तीय संस्थानों से इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, फाइनेंसिंग मॉडल में नवाचार और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया और मूल्यांकन पर जोर दिया।

### विदेशी निवेश और बॉन्ड मार्केट सुधार

पीएम मोदी ने कहा कि विदेशी निवेश ढांचे को अधिक सरल और निवेशक-अनुकूल बनाया जा रहा है। लॉन्ग-टर्म फाइनेंस को मजबूत करने के लिए बॉन्ड मार्केट को सक्रिय बनाने और लेनदेन प्रक्रिया को आसान करने के कदम उठाए जा रहे हैं।

### रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर का सुझाव

उन्होंने कहा कि किसी भी नीति की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों के साझा संकल्प के रूप में रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर विकसित करने पर उन्होंने कहा यह विकसित भारत की यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बनेगा।

#### आज जाएंगे गुजरात

### माइक्रोन की सेमीकंडक्टर फैसिलिटी का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की नई सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे।

#### प्रधानमंत्री का आज राजस्थान दौरा

### कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को राजस्थान के अजमेर का दौरा करेंगे। वे 16,680 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे।

**महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान**

प्रधानमंत्री 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**प्रमुख हाईवे परियोजनाओं का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें बांदीकुई-जयपुर 4 लेन है।

#### बंगाल एसआईआर पर सुनवाई

## शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन कोई नहीं कर सकता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। कोर्ट में बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

#### वकील को लगाई

### आपको लाइसेंस देकर गलती किसने की?

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील ने कड़ी फटकार लगाई। आपको किसने लाइसेंस दिया। उन्होंने सीएए के संबंध में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस निर्देश को स्थगित कर दिया जिसमें वकील को 50,000 का हर्जाना देने का आदेश दिया।

#### होली से पहले तारीख...

### इलाहाबाद है भाई, भांग का नशा उतरने में हफ्ता लगेगा

सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरानसीजेआई की एक टिप्पणी चर्चा का विषय बन गई। मामला सुरेश देवी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ा था। सुनवाई की तारीख देने पर विचार किया जा रहा था। सीजेआई ने कहा कि होली ब्रेक के बाद लिस्ट करें। सीजेआई ने कहा कि इलाहाबाद है भाई एक हफ्ता तो लग जाएगा भांग का नशा उतरने में।

### नीतीश कटारा को दी 7 दिन की फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है। उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि वह 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे 7 मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा।

#### पूर्व उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर संशय खत्म!

## 7 माह बाद बोले-डॉक्टर्स की राय का पालन करने दिया इस्तीफा

**मैंने कभी नहीं कहा कि मैं बीमार हूं**

एजेंसी ▶▶ चुरू

भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफे के महीनों बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से चुप्पी तोड़ी है। 21 जुलाई 2025 को अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर सबको चौंकाने वाले धनखड़ ने गृह राज्य राजस्थान के चूरू में उन्होंने उन अटकलों पर विराम लगा दिया है। पूर्व सांसद राम सिंह कस्वां के निवास पर कार्यक्रम में धनखड़ ने कहा, मैंने स्वास्थ्य के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती। मैंने कभी यह नहीं कहा कि मैं बीमार हूं।

### सेहत के प्रति एक सचेत फैसला था



उन्होंने साफ किया कि उनका इस्तीफा किसी लाचारी में नहीं, बल्कि अपनी सेहत के प्रति एक सचेत फैसले के तौर पर था। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना हर व्यक्ति की पहली जिम्मेदारी होती है और सार्वजनिक जीवन में रहते हुए भी इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

### इस्तीफे के पत्र में स्वास्थ्य को प्रथम माना

इस्तीफे के पत्र में धनखड़ ने लिखा था कि वह स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और डॉक्टरों की सलाह का पालन करने के लिए उपराष्ट्रपति पद छोड़ रहे हैं। उनके अचानक इस्तीफे पर कई तरह की चर्चाएं थीं।

#### सच्चाई का फैसला होकर रहेगा, इसलिए केजरीवाल घड़ियाली आंसू न बहाएं

## दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं केजरीवाल: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले मामले में कोर्ट के आए फैसले के संबंध में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार उनके कार्यकाल में सामने आए कथित शराब घोटाले के मामले में निचली अदालत द्वारा दिया गया फैसला अंतिम सत्य नहीं है, बल्कि यह केवल कानूनी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। सच्चाई का फैसला होकर रहेगा, इसलिए केजरीवाल घड़ियाली आंसू न बहाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं और अदालतों



के निर्णयों का आदर करते हैं। इस फैसले को 'क्लीन चिट' बताकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने आदेश में 'साक्ष्य के अभाव' की बात कही है। साक्ष्य पर्याप्त न होना और पूरी तरह बेगुनाह होना दो अलग बातें हैं।

### बरी होने का मतलब 'क्लीन चिट' नहीं

*सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि लगभग 200 दिनों की अवधि में 160 से 170 मोबाइल फोन बदले गए। इतनी बड़ी संख्या में फोन बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी। डिजिटल रिकॉर्ड को लेकर सवाल क्यों खड़े हुए। यदि छिपाने जैसा कुछ नहीं था तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न ही क्यों हुईं। यह सब अपने आप में गंभीर संदेह पैदा करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले अपने आदेशों में बड़े पैमाने पर धन लेन-देन के प्रथम दृष्टया संकेतों का उल्लेख किया था।*

### सत्य सामने आएगा और अंतिम फैसला अभी बाकी है

*रेखा गुप्ता ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में हजारों करोड़ रुपए के संभावित राजस्व नुकसान की बात सामने आई है। वह पैसा दिल्ली की जनता का है। जनता का भरोसा किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि उस भरोसे को ठेस पहुंची है तो जवाबदेही तय होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई स्वयं को कट्टर ईमानदार कहता है तो जांच से भागने के आरोप क्यों लगे। समन को नजरअंदाज करने की खबरें क्यों आईं।*

#### भाजपा आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने साधा निशाना

# अभी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना बाकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता और पार्टी के आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पोस्ट में कहा कि



दिल्ली उत्पाद शुल्क मामले में फैसला निचली अदालत ने सुनाया है। अतीत में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी संबंधित मामलों में कड़े और निंदनीय बयान दिए हैं। यह देखना बाकी है कि उच्च न्यायालयों में यह फैसला कितना खरा उतरता है। कानूनी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। मालवीय ने कहा कि अगर केजरीवाल इतने ईमानदार थे, तो अनियमितताएं सामने आने के बाद नीति को वापस क्यों लिया और उसमें बदलाव क्यों किया?

## ईमानदार थे तो केजरीवाल ने नीति क्यों बदली, कमीशन क्यों बढ़ाया?

### घोटाले के जनक अरविंद केजरीवाल थे: जायसवाल

भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने केजरीवाल को बरी किए जाने पर कहा कि सभी जानते हैं कि ये दोनों (अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया) इस घोटाले के जनक थे। दिल्ली की जनता अच्छे से जानती है कि एक्साइज घोटाले के जनक अरविंद केजरीवाल थे। जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनकी भी गवाही होगी।

### सच की हमेशा जीत होती है: मान



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को एक्साइज पॉलिसी केस में कोर्ट से बरी किए जाने की तारीफ करते हुए कहा कि सच की हमेशा जीत होती है।

### देश के संविधान पर गर्व हो रहा: सिसोदिया

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज एक बार फिर देश के संविधान पर गर्व हो रहा है।

### सीबीआई, ईडी के पास सबूत नहीं : सौरभ

दिल्ली आप अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईडी एक ऐसी संस्था है जो व्हीलचेयर पर है। उसके पास सबूत नहीं हैं।

### सुनीता ने खुशी जताई

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर कहा कि सच की हमेशा जीत होती है।

### सत्यमेव जयते: कविता

कथित घोटाले में के. कविता को दिल्ली की एक अदालत ने बरी कर दिया। तेलंगाना जागृति की संस्थापक के. कविता ने कहा कि 'सत्यमेव जयते' (सत्य की जीत होती है) की बात कही है।

### राजद ने भाजपा को घेरा

राजद नेता तेजस्वी यादव ने केजरीवाल के बरी होने पर कहा कि विपक्षी दलों पर राजनीतिक प्रतिरोध के हिसाब से जबरन गलत मुकदमे किए जाते हैं, संस्थाओं का केंद्र सरकार दुरुपयोग कर रही है।

### 'मैंने पहले जो कुछ भी कहा था...': हजारे


अन्ना हजारे ने भी खुशी जताई है। हजारे ने कहा कि हमारा देश अपनी न्यायिक और सुरक्षा प्रणालियों की ताकत पर चलता है। विविध दलों, जातियों, धर्मों और समुदायों वाला इतना बड़ा राष्ट्र होने के बावजूद, न्यायपालिका के कारण ही यह सुचारू रूप से कार्य करता है। इसे स्वीकार करना चाहिए।

#### 'संघ पर हमला' पर बोले आंबेकर

## राहुल गांधी बड़े नेता हैं मैं उन्हें कुछ भी नहीं कहूंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंडकर ने राहुल गांधी द्वारा संघ पर लगाए गए देश तोड़ने के आरोपों पर एक बेहद सधा हुआ और वैचारिक जवाब दिया है। राहुल के आरोपों को दरकिनार करते हुए आंबेकर ने कटाक्ष किया कि वे बड़े नेता हैं, मैं उनके बारे में क्या कह सकता हूं। अपनी बात पूरी करते हुए उन्होंने कहा कि संघ की कार्यप्रणाली किसी राजनीतिक दल के 5 साल के चुनावी चक्र पर आधारित नहीं होती बल्कि यह शताब्दियों के विजन के



साथ चलने वाली एक 'ऑर्गेनिक' प्रक्रिया है। सुनील ने जोर देकर कहा कि संघ जमीन पर जाकर लोगों से सीधा संवाद करता है और समाज निर्माण के कार्य में जुटा है। 100 साल के सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के जरिए समाज में परिवर्तन लाना है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का दावा

# टैरिफ अनिश्चितता के बीच यूएस के साथ ट्रेड डील में अपने हितों की रक्षा करेगा भारत

पीयूष गोयल ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा पहले घोषित टैरिफ बढ़ोतरी को रद्द किए जाने के बाद बदली हुई स्थिति को देखते हुए, यदि आवश्यक हुआ तो भारत अपने हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में फिर से संतुलन लाने का प्रयास करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर बदलती स्थिति को देखते हुए हम हालात पर नजर रखेंगे और भारत के हितों की रक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## द्विपक्षीय वार्ता जारी, सकारात्मक संकेत

## इस वर्ष निर्यात में वृद्धि की संभावना

हालात पर नजर रख रहा भारत

ट्रंप प्रशासन और अदालत के निर्णयों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

### फिर से संतुलन बनाएंगे

उन्होंने कहा कि हालात लगातार बदल रहे हैं और ट्रंप प्रशासन ने कुछ बयान दिए हैं। उनके पास अन्य उपाय भी हैं जिनका वे इस्तेमाल कर सकते हैं। अगले हफ्ते वे टैरिफ बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर सकते हैं। साथ ही अन्य कई तरह की बातचीत चल रही है। मैंने कहा था कि अगर हालात बदलते हैं, तो समझौते में फिर से संतुलन स्थापित किया जाएगा।

### समझौते में कई सकारात्मक पहलू

उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुए समझौते में कई सकारात्मक पहलू हैं, देखते हैं आगे क्या होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के बारे में होता है। बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं।

### संवेदनशील क्षेत्र संरक्षित रखे गए


*गोयल ने दोहराया कि प्रस्तावित व्यवस्था में भारत के संवेदनशील डेयरी और कृषि क्षेत्रों को संरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष भारत के निर्यात में वृद्धि की संभावना है।*

### बैठक पुनर्निर्धारित, नई तारीख जल्द

*भारत और वाशिंगटन ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर आधिकारिक बैठक को पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है, ताकि दोनों पक्ष ट्रंप प्रशासन द्वारा किए गए शुल्क वृद्धि को रद्द करने वाले अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के प्रभावों पर विचार कर सकें। दोनों देशों के मुख्य व्यापार वार्ताकारों के नेतृत्व वाली टीमों के बीच तीन दिवसीय बैठक पहले 23 फरवरी को अमेरिका में प्रस्तावित थी। बैठक के लिए एक नई तारीख तय की जाएगी, जो दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक हो।*


## खबर संक्षेप

### माउंट आबू सहित 3 शहरों के राजस्थान में बदले नाम



**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल ने राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने के लिए तीन प्रमुख शहरों के नाम बदलने की घोषणा की है। माउंट आबू का नाम अब आबूराज होगा। कामां का नाम कामवन और जहाजपुर का नाम यज्ञपुर किया जाएगा। इसके अलावा 60 साल से अधिक आयु के पत्रकारों को अब 18 हजार रुपए पेंशन मिलेगी और उनकी विधवा पत्नी को 9 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। सभी विधायकों को एक मोबाइल और एक टैबलेट दिया जाएगा।

### आत्महत्या शब्द खोजने पर इंस्टाग्राम देगा अलर्ट




**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि यदि किशोर उपयोगकर्ता आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित शब्दों को बार-बार खोजते हैं, तो वह उनके अभिभावकों को सूचित करेगा। यह अलर्ट केवल उन अभिभावकों को भेजे जाएंगे जो इंस्टाग्राम के 'पैरेंटल सुपरविजन' कार्यक्रम में नामांकित हैं। इंस्टाग्राम का कहना है कि वह पहले से ही ऐसे संवेदनशील कंटेंट को किशोरों के सर्च परिणामों में दिखने से रोकता है। इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा दो मुकदमों का सामना कर रही है।

### सूरत के पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी



**अहमदाबाद।** सूरत स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली जो बाद में झूठी निकली, लेकिन ई-मेल गलती से राज्य भर के डाकघरों में भेज दिया गया, जिससे दहशत फैल गई। सहायक पुलिस आयुक्त वीआर मल्होत्रा ने बताया कि धमकी दी गई कि दोपहर 12.10 बजे परिसर में आरडीएक्स विस्फोट होगा और इसे खाली करा लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उमरा थाने और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान में 'छिड़ी जंग', इस्लामाबाद ने ऑपरेशन 'गजब लिल-हक' शुरू किया

# काबुल का दावा, 19 चौकियों पर कब्जा, 55 पाक सैनिक मारे, इस्लामाबाद ने 133 लड़कों को मारा

एजेंसी ▶▶ काबुल/ इस्लामाबाद

*पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। तालिबान प्रशासन के अनुसार अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया*

पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। जिसके बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। तालिबान शासन ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि रक्षा मंत्रालय की वायु सेना ने गुरुवार सुबह लगभग 11:00 बजे हवाई हमले किए। इन हमलों का निशाना इस्लामाबाद के फैजाबाद के पास एक सैन्य कैंप और नौशेरा में एक सैन्य अड्डा था। तालिबना के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने कहा कि डूरंड लाइन पर व्यापक जवाबी सैन्य अभियान को शुरू किया गया है। यह कार्रवाई 203 मंसूरी कॉर्प्स और 201 खालिद बिन वलीद कॉर्प्स की तरफ से पक्तिया, पक्तिका, खोस्त, कुनर, नूरिस्तान और नंगरहार प्रांतों के कई इलाकों में और तोरखम गेट पर की जा रही है।

अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया। उनके मुताबिक 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जिनमें से 23 के शव और कुछ अन्य सैनिकों को जिंदा हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा दर्जनों हल्के और भारी हथियार जब्त, एक टैंक नष्ट किया गया और एक इंटरनेशनल हार्वेस्टर वाहन कब्जे में लेने का भी उन्होंने दावा किया है। उप प्रवक्ता के बयान में कहा गया है कि जवाबी सैन्य अभियान अभी जारी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 2611 किलोमीटर लंबी सीमा को 'डूरंड लाइन' कहा जाता है, जिसे काबुल ने कभी आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। इसी सीमा को लेकर पिछले कुछ महीनों में दोनों देश कई बार आमने-सामने आए हैं।

## तालिबान ने हथियार जब्त किए

## पाकिस्तान ने 27 ठिकाने नष्ट किए


हमले करती पाकिस्तान और तालिबान सेना

पाक रक्षा मंत्री आसिफ की धमकी

### अब दमा-दम मस्त कलंदर होगा


ख्वाजा आसिफ

अफगानिस्तान के हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कंधार और काबुल सहित कई प्रमुख शहरों पर बमबारी की। पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन का नाम 'गजब लिल-हक' दिया है। करीब दो घंटे तक चले हवाई हमलों में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़कों को मारने का दावा किया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने पुष्टि की है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 200 से अधिक घायल हुए हैं। इन अभियानों में तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट कर दिए गए हैं और 9 ठिकानों पर कब्जा कर लिया गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुली जंग का ऐलान किया और कहा कि हमारे सब्र का प्याला भर चुका है। अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। अब दमा दम मस्त कलंदर होगा। उन्होंने कहा कि हम आपके पड़ोसी हैं, हम आपकी हर छोटी-बड़ी बात जानते हैं। वहीं, अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने पोस्ट किया कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल, कंधार और पक्तिया के कुछ इलाकों में एयरस्ट्राइक किए हैं। अच्छी बात यह है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### कई देशों ने जताई चिंता, तनाव करने की अपील

#### बातचीत करें: चीन



चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दोनों देशों से तुरंत युद्धविराम करने की अपील की है। साथ ही दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य टकराव पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चीन इस स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। चीन दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और आपसी रिश्ते सुधारने में भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हमारी अपील है कि बातचीत के जरिए मतभेद खत्म किए जाएं। पड़ोसी और दोस्त होने के नाते चीन इस घटनाक्रम से चिंतित है।

#### मतभेद सुलझाएं: रूस



रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि इस लड़ाई में आर्मी, एयरफोर्स और भारी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है। दोनों तरफ लोग हताहत हुए हैं, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं। हम अपने मित्र देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वे इस खतरनाक टकराव को छोड़ दें और सभी मतभेदों को राजनीतिक व कूटनीतिक तरीके से सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर लौट आएं।

#### संवाद से समाधान: ईरान

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान दोनों देशों के बीच समझ और सहयोग बढ़ाने के लिए जरूरी कोई भी मदद देने के लिए तैयार है। हम बढ़ते संघर्ष से चिंतित हैं और शांति की अपील करते हैं। दोनों देश अपने मौजूदा मतभेदों को अच्छे पड़ोसीपन के ढांचे में और संवाद से हल करें। ईरान संवाद को सुगम बनाने, समझ और सहयोग को मजबूत करने के लिए तैयार है।

#### हमले बंद करें: तुर्की

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने टेलीफोन पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से बात की है। तुर्की विदेश मंत्रालय ने कहा कि डार से बातचीत में उनके मंत्री ने तनाव कम करने की अपील की है। तुर्की ने दोनों देशों के बीच आपसी हमलों को जल्द से जल्द खत्म करने और मतभेदों को कूटनीतिक तरीके से सुलझाने के पक्ष में हैं।

उपराष्ट्रपति वेंस का बड़ा खुलासा

# अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी 'लंबे युद्ध' का हिस्सा


अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। वेंस ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य हमले अभी भी विचाराधीन हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कार्रवाई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में तब्दील हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम मध्य पूर्व में वर्षों तक बिना किसी अंत के युद्ध में उलझे रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। जेडी वेंस ने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप आखिरकार क्या निर्णय लेंगे। विकल्पों में ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सैन्य हमले करना या समस्या का कूटनीतिक समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी कूटनीतिक विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन यह वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि ईरानी क्या करते हैं और क्या कहते हैं।

### जो होना है, वह हमने बता दिया: अराघची

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान गुरुवार को जिनेवा में दोनों देशों ने वार्ता की। कई घंटों की बैठक के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह गहरी चिंता भरी लंबी बातचीतों में से एक है। जिनेवा में अब तक हुई इन चर्चाओं के बाद कोई समझौता नहीं हो सका, जिससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आशंका बनी हुई है। अराघची ने कहा कि जो कुछ होना है, वह हमारी ओर से साफ कर दिया गया है। जिनेवा में हुई कई घंटों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आगे की वार्ता का दौर अगले सप्ताह वियना में होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय स्थित है।

### यूरेनियम संवर्धन जारी रखेगा ईरान

अराघची ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका हमला करता है तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने वैध लक्ष्य माने जाएंगे और इससे व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने इसे बहुत डरावना बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में किसी की जीत नहीं होगी। सूत्रों ने बताया कि तेहरान यूरेनियम संवर्धन जारी रखने के अपने अधिकार पर अडिग है और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हटाने की मांग कर रहा है। यह रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांगों से अलग माना जा रहा है। ट्रंप की मांग है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन, लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम पूरी तरह रोके। इसके साथ ही हमास और हिजबुल्लाह जैसे समूहों को समर्थन देना बंद करे।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

# डीआरडीओ ने किए बेहद छोटी दूरी के एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के 3 सफल टेस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बेहद छोटी दूरी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम (वीएसएचओआरएडीएस) के तीन उड़ान परीक्षणों को सफलता के साथ पूरा किया है। जिसमें इस मिसाइल सिस्टम ने तेजी के साथ अलग-अलग रेंज, गति और अल्टीट्यूड में उड़ान भर रहे दुश्मन के कृत्रिम लक्ष्यों की पहचान कर सटीकता से वार कर उन्हें नष्ट कर दिया।


चांदीपुरा स्थित रेंज में मेन पोर्टेबल मिसाइल की सफल टेस्टिंग

डीआरडीओ ने परीक्षणों को यूजर वेलीडेशन नाम दिया

### सेनाओं की बढ़ेगी मारक क्षमता

ये सिस्टम मेन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है। जिसे स्वदेशी रूप से डिजाइन-विकास के साथ डीआरडीओ की इमारत प्रयोगशाला ने विकसित किया है। ये मिसाइल तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान करने के मददगार साबित होगी।

### तय लक्ष्यों को ढूंढा, फिर नष्ट किया

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ये परीक्षण ओडिशा तट के पास चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में किया गया। जिसमें मिसाइल ने तीनों बार अपने निर्धारित लक्ष्यों को बखूबी नष्ट किया। ये लक्ष्य दुश्मन के विमानों की नकल करते हुए तमाम तरह के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य के कृत्रिम नजारे के दौरान मिसाइल ने अपने अचूक वार से तहस नहस किए गए। परीक्षणों पर के लिए आईटीआर में मौजूद टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और रडार के माध्यम से गहन निगरानी रखी गई। डीआरडीओ ने इन परीक्षणों को यूजर वेलीडेशन का नाम दिया है। जिसे उसने सशस्त्र सेनाओं और डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों और उत्पादन भागीदारों के समक्ष किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ और सशस्त्र सेनाओं को बधाई दी है। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर. वी. कामत ने भी इस परीक्षण के लिए डीआरडीओ वैज्ञानिकों की पूरी टीम समेत तमाम अन्य भागीदारों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं।

बोलीं राष्ट्रपति, मेरे लिए स्वदेशी एलसीएच में उड़ान भरना समृद्ध अनुभव

# राष्ट्रपति ने उड़ान भरी 'प्रचंड' हौसला देख पाक का टूटा घमंड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने पोखरण रेंज में 'वायुशक्ति-2026' युद्धाभ्यास किया। जिसमें वायुसेना ने अपने शस्त्रागार में मौजूद छोटे से बड़े सभी आयुधों का दमदार अंदाज में प्रदर्शन किया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर यानी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) में पहली ऐतिहासिक उड़ान भरी।



### रक्षा क्षमताओं पर गर्व

उड़ान के बाद राष्ट्रपति ने लिखा कि भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरना मेरे लिए एक समृद्ध अनुभव रहा है। जिसने मुझे देश की रक्षा क्षमताओं पर नए सिरे से गर्व करने का अनुभव प्रदान किया है।

### एक साथ उड़े दो हेलीकॉप्टर

मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने एलसीएच पर अपनी उड़ान की शुरुआत वायुसेना के जैसलमेर एयरबेस से की। जिसमें मिशन को दो एलसीएच हेलीकॉप्टरों की उड़ान के साथ क्रियान्वित किया गया। पहले हेलीकॉप्टर में महामहिम राष्ट्रपति ने वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ उड़ान भरी। जबकि दूसरे हेलीकॉप्टर में खुद वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह और बल के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन ए. महेंद्र सवार हुए।

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी मुंबई पहुंचे

# 2 मार्च को पीएम मोदी संग करेंगे क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर चर्चा, कई साझेदारी होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पत्नी डायना फॉक्स कार्नी के साथ चार दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर लिखा कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का भारत के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर मुंबई पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है। यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल और मार्केटिंग मंत्री जय कुमार रावल ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।



भारत-कनाडा पार्टनरशिप साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, मजबूत संबंधों और अलग-अलग क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर आधारित है। दोनों देश व्यापार, निवेश, ऊर्जा, मिनरल्स, कृषि, शिक्षा, शोध, नवाचार, एआई, कौशल विकास, रक्षा में नई साझेदारी करेंगे।

### 1 मार्च को पहुंचेंगे दिल्ली

28 फरवरी को पीएम कार्नी मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। नई दिल्ली में वह 2 मार्च को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से सुबह 9 बजे होटल लीला पैलेस में मुलाकात करेंगे। फिर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर वह हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। 11 बजकर 40 मिनट पर दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज होगा और फिर प्रेस स्टेटमेंट जारी किए जाएंगे। एक बजकर 50 मिनट पर भारत मंडपम में भारत-कनाडा सीईओ फोरम की शुरुआत होगी, जिसमें दोनों देशों के पीएम शामिल होंगे। शाम छह बजे पीएम कार्नी अपने देश के लिए रवाना होंगे।

नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता और तटीय निगरानी बढ़ेगी

# 'डॉल्फिन हंटर' आईएनएस अंजदीप का हुआ जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया। आईएनएस अंजदीप 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। चेन्नई बंदरगाह पर एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पोत का जलावतरण किया।

- तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा में अहम
- 25 समुद्री मील की अधिकतम गति


आईएनएस अंजदीप युद्धपोत

### उथले जल क्षेत्रों के लिए डिजाइन किया

*आईएनएस अंजदीप 77 मीटर लंबा है। इसमें एक 'हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम' लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।*

### आधुनिक हथियारों से लैस

*यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से लैस है जिसमें 'सोनार अभय' भी शामिल है और यह हल्के टॉरपीडो एवं पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से युक्त है। 'अंजदीप' का नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी।*

### शामिल होंगे और 15 पोत

*एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना की योजना इस साल आईएनएस अंजदीप के अलावा 15 और पोतों को शामिल करने की है। उन्होंने कहा कि आईएनएस अंजदीप को फुर्ती से कार्य करने और युद्ध तत्परता के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसे 'मेक इन इंडिया' के तहत डिजाइन किया गया है।*

### हबीबगंज पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

# साइबर जालसाजों ने शिक्षक के अकाउंट से निकाले 3.10 लाख रुपए

# इधर, क्रिप्टो करेंसी के नाम पर युवक से की एक लाख 45 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने एक शिक्षक की रिपोर्ट पर अज्ञात साइबर जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इधर जहांगीराबाद पुलिस ने एक युवक की रिपोर्ट पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर युवक को एक लाख 45 हजार रुपए की चपत लगाई है।

जानकारी के अनुसार रविशंकर नगर बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली गिरीश कुमार सहायक शिक्षक हैं। उनका बैंक एकाउंट शिवाजी नगर स्थित एसबीआई में है। पिछले दिनों उनके मोबाइल पर बीस हजार रुपए निकालने का मैसेज पहुंचा तो वह जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंचे। इस दौरान पता चला कि यह बीस हजार रुपए एटीएम के माध्यम से उनके अकाउंट से निकाले गए हैं, जबकि इसके पहले उनके अकाउंट से 2 लाख 90 हजार रुपए पहले भी निकाले जा चुके हैं। दरअसल साइबर जालसाजों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया था, जिसके कारण बैंक से रुपए निकालने वाले मैसेज नहीं पहुंच रहे थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**» जालसाजों ने मोबाइल हैक कर लिया था, जिसके कारण रुपए निकालने के मैसेज नहीं आ रहे थे**

**» पिछले दिनों मोबाइल पर 20 हजार रुपए निकालने का मैसेज पहुंचा, तो जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंचे तब मिली रुपए निकालने की जानकारी**




### क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी

जहांगीराबाद थानांतर्गत प्रखर प्रजापति (23) की पहचान एक मित्र की मदद से सौरभ नामक युवक से हुई थी। सौरभ ने उसे क्रिप्टो करेंसी क्वाइन खरीदने पर भारी मुनाफे का लालच दिया। बातों में आकर प्रखर प्रजापति ने सौरभ के बताए एकाउंट में 1 लाख 45 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, लेकिन सौरभ ने उसे क्रिप्टो करेंसी नहीं भेजी। प्रखर ने जब अपने रुपए वापस मांगे तो वह टालमटोल करता रहा और बाद में अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। अपने स्तर पर पता लगाने पर मालूम चला कि सौरभ ने अपना नाम भी गलत बताया था। उसके बाद प्रखर ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की थी, जहां से डायरी आने के बाद जहांगीराबाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बैंक अधिकारी बनकर जालसाजों ने बैंक कर्मचारी के साथ की ठगी

टीटी नगर पुलिस ने एक बैंक कर्मचारी की रिपोर्ट पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ 1 लाख 42 हजार रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने बैंक अधिकारी बनकर कर्मचारी के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चेतन सक्सेना (55) बैरसिया रोड भोपाल में रहते हैं और टीटी नगर स्थित एक बैंक में नौकरी करते हैं। बीती एक दिसंबर को वह ड्यूटी पर थे, तभी शाम करीब साढ़े चार बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाले ने स्वयं को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताते हुए उनके क्रेडिट कार्ड के पाइंट को रीडिम करने की बात कही। इस दौरान उसने चेतन को बातों में उलझा लिया और एक दूसरे मोबाइल नंबर से उन्हें लिंक भेजकर फ्लिपकार्ड इंटरनेट के पत्र में 1 लाख 42 हजार 348 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। ट्राजेक्शन करने के बाद जब उनके मोबाइल पर रुपए कटने का मैसेज आया तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने तत्काल ही बैंक में फोन लगाया और पुलिस को शिकायत की। टीटी नगर पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली

**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया स्थित प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर पर नौ देवी, शिव परिवार एवं हनुमंत लाल की प्राण प्रतिष्ठा की गई। साथ श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को राधा-कृष्ण की सजीव झांकी तैयार की गई। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। कथा वाचक पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री का पंकज शर्मा ने शॉल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, अध्यक्ष माखन नागर, योगेश तिवारी, रामेश्वर नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, वीरेंद्र नागर, बद्री प्रसाद नागर, रवि नागर, भोजपुर महिला नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव ने फूलों की होली खेली।

### नबीबाग से हटाए चबूतरे सूरज नगर में तोड़े शेड



**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने शुक्रवार को सूरज नगर में अवैध रूप से बने शेड को ढहाने की कार्रवाई की। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के अलावा नबीबाग क्षेत्र से अवैध चबूतरे तोडे गए। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने कोलार डीमार्ट चौराहा, निर्मलादेवी गेट, खाटू श्याम मंदिर, चूना भट्टी, सर्वधर्म कालोनी, ललिता नगर चौराहा, आलोक धाम, बाबा नगर, बाबा नगर स्वर्ण जयंती पार्क, सूरज नगर चौराहा आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया।

### जून में होंगे चुनाव, बैठक में पंचायत का निर्णय



**संतनगर।** पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पंचायत के चुनाव जून 2026 में करवाए जाएंगे। जिसके चुनाव अधिकारी व चुनाव तारीख 7 मार्च को आयोजित पंचायत का होली मिलन व साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से किया जाएगा। इसके साथ ही पंचायत में पदो को बढ़ाया जाएगा। पहले 10 हुआ करते थे अब 12 होंगे। अब 01 मार्च से अक्टूबर माह तक पगड़ी रस्म का समय शाम 5.30 से 6 बजे तक रहेगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4983 | | |
| दिन: | 588 | 12 | 589 |
| रात: | 238 | 39 | 450 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 250 | 74 | 356 |
| रात: | 230 | 55 | 230 |

### एमपी नगर में निजी बैंक के सामने हुई थी वारदात

# महिला बैंक मैनेजर से चेन झपटने वाला कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र में निजी बैंक के सामने महिला मैनेजर के गले से सोने की चेन झपटने वाले कुख्यात बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय महिला मैनेजर कार से उतरकर बैंक के अंदर जा रही थी, तभी बदमाश चेन झपटकर भाग निकला था। पुलिस ने आरोपी से झपटी गई चेन बरामद कर ली है। बरामद चेन की कीमत 2 लाख रुपए है।

पुलिस ने बताया कि सुषमा तिवारी (38) अशोक विहार, अशोका गार्डन में रहती हैं और एमपी नगर स्थित एक निजी बैंक की इंश्योरेंस शाखा में मैनेजर हैं। 20 फरवरी की शाम करीब साढ़े 5 बजे उन्होंने बैंक के सामने अपनी कार खड़ी की और उतरकर बैंक के भीतर जाने लगी। इसी दौरान नीली जींस और काले रंग की शर्ट पहने युवक पहुंचा और उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन खींचकर आरबीआई बैंक की तरफ भाग निकला। लूटी गई चेन बारह ग्राम की थी, जिसकी कीमत दो लाख रुपए थी।



पुलिस की गिरफ्त में चेन झपटने वाला आरोपी

#### सीसीटीवी से मिला आरोपी का सुराग

पुलिस ने सुषमा तिवारी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज किया। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान की गई। उसके बाद संदेही रेहान खान (19) निवासी अर्जुन नगर झुग्गीबस्ती थाना एमपी नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपराध करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व से मारपीट समेत कई अपराध पहले से दर्ज हैं।

#### सूने मकानों से हजारों का सामान चोरी

रातीबड़ थानांतर्गत ग्राम नाथूबरखेड़ा स्थित माही परिसर में रहने वाली सुमित्रा प्रजापति के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने के जेवरात और 20 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। कोहेफिजा थानांतर्गत खानूगांव में रहने वाले वाहिद खान के मकान से जेवरात और 40 हजार रुपए नगदी चोरी हो गए। इधर, शाहजहांनाबाद थानांतर्गत सेफिया कॉलेज रोड स्थित रिजवान की दुकान के गल्ले से बदमाश नौ हजार रुपए चोरी कर ले गए। इसी प्रकार वर्धमान कालोनी दामखेड़ा छोला मंदिर निवासी मो. शकील के खुले मकान से बदमाश पानी की मोटर और लोहे का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार बदमाशों ने स्वास्थ्य कर्मचारी का आईफोन झपटा

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर गोलंबर इलाके में गुरुवार शाम साढ़े सात बजे बाइक सवार बदमाशों ने पैदल जा रहे युवक के हाथ से आईफोन लूट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास सीसीटीवी कैमरों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार दीपक शर्मा (36) मित्तल कॉलेज के पास करोंद थाना निशातपुरा में रहते हैं और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करते हैं। गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। टहलते हुए वह भानपुर स्थित गोलंबर के पास पहुंच गए। इस दौरान किसी से आईफोन पर बात कर रहे थे। गोलंबर चौराहा के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार दो बदमाश उनके पास आए और बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने दीपक के हाथ से आईफोन झपट लिया। दीपक कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। इसके बाद दीपक छोला मंदिर थाना पहुंचे और पुलिस को सारी जानकारी देकर मामला दर्ज करवाया।

### बोलेरो ने एक्टिवा सवार युवकों को मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा गंभीर

**औबेदुल्लागंज।** नगर के बाईपास रोड पर गुरुवार रात करीब 10 बजे विंध्याचल रेस्टोरेंट के पास एक बोलेरो वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार दीपक गुहाटिया दाहोद निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बोलेरो क्रमांक एमपी 38सीए 1565 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बोलेरो वाहन छोड़ कर चालक फरार हो गया। पुलिस बोलेरो को जब्त कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। टीआई बीपी सिंह ने बताया कि हादसे में एक गंभीर रूप से घायल युवक को औबेदुल्लागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कथित पेपर वायरल मामले में जांच शुरू डीपीसी सहित साइबर पुलिस करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित पांचवी-आठवीं की परीक्षा के कथित पेपर वायरल होने के मामले में जांच शुरू हो गई है। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला परियोजना समन्वयक को जांच के लिए लिखा है। वहीं दूसरी ओर साइबर पुलिस को भी जांच इसकी जानकारी दी गई है। जिसके बाद पुलिस भी मामले में जांच कर रही है। इधर राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों ने किसी प्रकार के पेपर वायरल नहीं होने की बात कही है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि जानकारी सामने आने के बाद मामले में जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में कोई विशेष जानकारी सामने नहीं आई है। जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा। इसके लिए साइबर पुलिस की भी मदद ली जा रही है। ताकि वायरल पेपर की भी जांच हो सके। उल्लेखनीय है कि, प्रदेश में चल रही 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाओं के कथित प्रश्नपत्र लीक होने का मामला बीते गुरूवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि भोपाल में 8वीं संस्कृत का पेपर परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पहले ही बाहर आ गया।

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बजट पर चर्चा में छात्रा ने कहा

### सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सभी को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बजट पर चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 12 की छात्रा कहा कि इस बार सरकार ने शिक्षा, युवाओं और विकास पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। छात्रा ने कहा मैं ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, ओबेदुल्लागंज की छात्रा हूँ और हमारे जैसे अर्ध शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा से जुड़े प्रावधान बहुत महत्वपूर्ण हैं।



बजट में स्कूलों के आधुनिकीकरण, स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही गई है। यदि इन योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन होता है, तो ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन सराहनीय है।

आज के समय में केवल किताबों की पढ़ाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी जरूरी है। स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों से हमें भविष्य के लिए तैयार होने में सहायता मिलेगी। कृषि क्षेत्र में किए गए प्रावधान भी हमारे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहां के अनेक परिवार खेती से जुड़े हैं। सिंचाई और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा मिलने से किसानों की आय में सुधार हो सकता है, जिसका लाभ पूरे समाज को मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, नए अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की घोषणा भी सकारात्मक कदम है। सड़कों, औद्योगिक विकास और बुनियादी सुविधाओं पर निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। एक विद्यार्थी के रूप में मेरी यही अपेक्षा है कि इन सभी योजनाओं को ईमानदारी से लागू किया जाए, ताकि प्रदेश में विकास को नई दिशा मिल सके।

### जिनालय में नंदीश्वर विधान का आयोजन, की शांतिधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं पुराना दिगंबर जैन मंदिर मुख्य रोड में नंदीश्वर विधान का आयोजन अष्टानिक पर्व के उपलक्ष्य में किया गया। अष्टानिका पर्व पर अभिषेक, शांतिधारा, नमोकार मंत्र का जाप, सिद्ध भक्ति, आचार्य भक्ति एवं आरती की। प्रतिदिन दैनिक पूजन के साथ-साथ धर्म प्रभावना कर लोग अतिशय पुण्य अर्जन कर रहे है। पुराने मंदिर में रितेश जैन, नीति अनुराग जैन, पवन रवि जैन, विनय जैन, दिनेश गुड्डन जैन आदि भक्ति में लगे हैं।

विधान में मनोज जैन, सुषमा जैन इजारदार, कविता जैन इजारदार, संगीता जैन वर्धमान, मीना ऋषभ भंडारी, आशारानी भंडारी, सीमा जैन, पिंकी जैन, नेहा जैन, भारती जैन आदि ने इंद्र इंद्राणी बनकर धर्म लाभ लिया। वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, मुकेश जैन, गौरव पंडित, लक्ष्मीचंद जैन इजारदार ने विशेष अर्घ्य श्रीजी के मंडल मांडना पर समर्पित किए।



### नीलामी प्रक्रिया में करीब एक दर्जन क्रेताओं ने हिस्सा लिया

# कमला नगर थाने के 80 कंडम वाहन 5 लाख 20 हजार रुपए में हुए नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना परिसर में वर्षों से 25 पुलिस एक्ट में जब्त हुए 80 वाहनों की नीलामी करवाई गई। नीलामी की प्रक्रिया वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमला नगर, थाना प्रभारी रातीबड़, थाना प्रभारी टीटी नगर एवं अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न कराई गई।

जानकारी के अनुसार कमला नगर थाना परिसर में नीलामी की प्रक्रिया आयोजित की गई। इस नीलामी में करीब एक दर्जन क्रेताओं ने हिस्सा लिया। नीलामी में शामिल वाहनों का भौतिक मूल्य 1 लाख 15 हजार 200 रुपए से ऊपर प्रथम बोली पर्ची क्रमांक एक के क्रेता शाहीद अहमद द्वारा एक लाख 17 हजार से प्रारंभ हुई। प्रक्रिया के दौरान अंतिम बोली शाहीद निवासी हनुमानगंज ने 5 लाख 20 हजार रुपए लगाकर कुल 80 कंडम वाहन खरीद लिए। नीलामी में शामिल शेष क्रेताओं की अमानत राशि उन्हें लौटाई गई। नीलामी में क्रय किए गए सभी वाहनों को सुरक्षार्थ थाना परिसर में ही खड़े करवाया गया है। शेष राशि के भुगतान के बाद वाहनों को सुपुर्द किया जाएगा।



कमला नगर थाना परिसर में नीलाम किए कंडम वाहन।

### रमजान के पवित्र माह के दूसरे जुमे पर अदा की विशेष नमाज

रमज़ान माह के जुमे का विशेष महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रमजान के पवित्र माह पर नगर के जामा मस्जिद में जुमे की विशेष नमाज़ अदा कर देश में अमन चैन ओर खुशहाली की दुआ मांगी। जामा मस्जिद में हाफिज नदीम साहब ने नमाज़ पढ़ाई और रमज़ान माह के जुमे का विशेष महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि रमजान का दूसरा अशरा 'मगफिरत' यानी क्षमा का होता है। दूसरे जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष साफ-सफाई की गई थी। दोपहर 12 बजे से ही नमाजियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। इस दौरान लोगों को दीन की बातें भी सुनाई गईं। घरों और मस्जिदों में कुरान-ए-करीम की तिलावत भी की गई। कस्बे की जामा मस्जिद और आस पास के गांव की मस्जिदों में भी जुमे की विशेष नमाज अदा की गई। इस अवसर पर अफजल हुसैन, सलीम, राजा सिद्दीकी, आमीर ममनून, नवाब हुसैन, राशिद खान, सगीर, अखिल, आसिफ पठान, आमीन, महफूज, रिहान आदि शामिल थे।



### फाउंटेन टूटे, बाउंड्री से लाल पत्थर गायब, पार्क में फैली गंदगी से लोग परेशान

# मंडीदीप में पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 15 साल में चार करोड़ से अधिक रु. खर्च, फिर भी हालात बद से बदतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में आम जनता और बच्चों के लिए बने अलग-अलग पार्क जिसमें लूपिन पार्क, लायंस पार्क, समेत आधे दर्जन से अधिक पार्कों की स्थिति दयनीय है। यहां पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका के द्वारा 15 सालों में करीब करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई, परन्तु आज देखरेख के अभाव में पार्क के हालत बद से भी बद्तर है। नतीजन यहां बुजुर्ग, बच्चे, गृहणी सभी सुकून के लिए तरस रहे हैं। नगर की लाखों की आबादी में पार्कों के नाम पर बहुत जगह है। परंतु सुंदर पार्क के लिए लोग आज भी दिया लेकर ढूंढ रहे हैं। पार्कों की बदहाल स्थिति स्पष्ट दर्शाती है कि कही न कही सौंदर्यीकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसमें भी पैसा गबन कर चुके हैं, नहीं तो इतना घटिया निर्माण संभव नहीं था।





#### चारों तरफ लगा गंदगी का अंबार

पार्कों में साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने से चारों तरफ सिर्फ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बड़े पौधे से गिरने वाले पत्ते, पन्नी, डिस्पोजल, शराब की बोतल एवं अन्य गंदगी फैली हुई है। इन्हें साफ करने और पार्क के सौंदर्यीकरण की ओर जिम्मेदर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### ओपन जिम मांग रहे मरम्मत

लूपिन पार्क में बने ओपन जिम अब स्वयं मरम्मत मांग रहे हैं। बिना मेंटिनेंस के ओपन जिम में लोग व्यायाम नहीं कर पा रहे। बचे हुए जिम के अन्य सामग्री से बच्चे घायल हो रहे है।

#### पार्कों को संवारने के नाम लिए 20 कर्मचारी ले रहे वेतन

नगर के पार्कों को संवारने और मेंटिनेंस के नाम पर हर माह उद्यानिकी शाखा से 20 कर्मचारी को वेतन दिया जाता है। लाखों रुपए खर्च के बाद भी पार्कों की दयनीय स्थिति किसी बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है, जिसमें पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि और उद्यानिकी शाखा के प्रभारी के मिलीभगत की बू आ रही है।

### त्यौहारों पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस और आरएएफ ने निकाला पैदल मार्च

गुंडों और असामाजिक तत्वों में डर का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप/औबेदुल्लागंज।

आगामी त्यौहार होली और ईद को देखते हुए सतलापुर और मंडीदीप पुलिस ने संयुक्त पैदल मार्च निकाला, जिसमें आरएएफ फोर्स बांगरासिया के करीब 15 से अधिक पुलिस बल ने मार्च किया। पैदल मार्च मंडीदीप थाने से होते हुए मंगल मार्केट, दुर्गचौक, बड़ी मस्जिद, शनिवार बाजार, स्टेशन रोड, सतलापुर चौराहा, शुक्रवार बाजार होते हुए सतलापुर थाने में संपन्न हुआ।

फ्लैग मार्च का मकसद नगर में त्यौहार पर शांति, सद्भावना एवं आपसी भाई चारे के साथ बिना किसी विवाद के त्यौहार मनाया जाए, जिससे क्षेत्र में गुंडों और असामाजिक तत्वों में भय रहे। वहीं थाना औबेदुल्लागंज पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्श की ए/107 द्रुत कार्य बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला, जिससे की लोगों के बीच में पुलिस प्रशासन के प्रति भरोसा दृढ़ हो।



फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

# 'शिफ्टिंग हार्मोन्स' के कारण महिलाओं में एंजायटी और डिप्रेशन की समस्याः डॉ. रचना

1 तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आईएमएससीओएन 2026 का शुभारंभ

2 महिलाओं में मेनोपॉज से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर देशभर की महिला चिकित्सक कर रही मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



इंडियन मेनोपॉज सोसाइटी की 31वीं राष्ट्रीय वार्षिक कांफ्रेंस (आईएमएससीओएन 2026) का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन कोर्टयार्ड बाय मैरियट में भोपाल मनोपॉज सोसायटी की अध्यक्षता में शनिवार से शुरू हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से 600 से अधिक प्रतिनिधि और कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने मेनोपॉज व पेरि-मेनोपॉज से जुड़ी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर मंथन करेंगे। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए डॉ. रचना दुबे ने कहा कि मेनोपॉज के दौरान 'शिफ्टिंग हार्मोन्स' के कारण महिलाओं में भूलने की समस्या, एंजायटी, डिप्रेशन और मानसिक भ्रम की स्थिति देखी जाती है। कई मामलों में आगे चलकर अल्जाइमर जैसी स्थितियों का जोखिम भी बढ़ सकता है, लेकिन इन विषयों पर खुलकर चर्चा नहीं होती। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में साइकैट्रिस्ट और मेंटल हेल्थ विशेषज्ञ भी शामिल हुए हैं, ताकि महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से समझा जा सके। सम्मेलन के अंतर्गत एक जन-जागरूकता मंच और विशेष योग सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम नागरिक निःशुल्क भाग ले सकेंगे। आयोजन समिति में डॉ. शशि श्रीवास्तव और डॉ. वैजयंती कोलेकर आयोजन अध्यक्ष तथा डॉ. मनीषा खरे आयोजन सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभा रही है।





### 'खाली घोंसला' चरण और भावनात्मक बदलावों पर भी हो चर्चा

सम्मेलन की थीम 'द्वितीय पारी' फ्रंट फुट पर खेलते हुए रखी गई है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि 40 वर्ष के बाद का जीवन भी ऊर्जा, आत्मविश्वास और उपलब्धियों से भरा हो सकता है। डॉ. मीरा अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 60 वर्ष की आयु के बाद भी जीवन की नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने 'खाली घोंसला' चरण और भावनात्मक बदलावों पर भी खुलकर बात करने की जरूरत बताई।

### इन विषयों पर होंगे वैज्ञानिक सत्र

*सम्मेलन में मेनोपॉज हार्मोन थेरेपी, मोटापा व जीवनशैली जनित रोग, मानसिक स्वास्थ्य, कैंसर, यूरेजनाइटल समस्याएं, रोबोटिक सर्जरी, पोषण, अस्थि स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रबंधन में अक के उपयोग जैसे विषयों पर समानांतर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। 12 प्री-कांफ्रेंस कार्यशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।*

### मेनोपॉज एक संपूर्ण जैविक परिवर्तन का दौर



मेनोपॉज केवल महावारी बंद होने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जैविक परिवर्तन का दौर है। इस समय महिलाओं में शुगर की समस्या, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, नींद की कमी और हार्मोनल असंतुलन जैसी कई परेशानियां सामने आती हैं। इन सभी पहलुओं पर वैज्ञानिक सत्रों में विस्तार से चर्चा हो रही है।

**डॉ. समीक्षा साहू**, मनोरोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-25 का रिजल्ट जारी

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परिणाम जारी कर दिए हैं। मंडल द्वारा यह परीक्षा 9 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2025 तक मप्र के 11 शहरों में स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक के कुल 13 हजार 89 पदों के लिए कराई गई थी। इस परीक्षा में कुल 1 लाख 10 हजार 745 अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र जारी किया गया था। जिसमें से 1 लाख 3 हजार 494 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इस परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत पदों लगभग 11 हजार 978 का जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम मंडल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### मालीखेड़ी और बीयू में नए घाट बनाने का काम शुरू

**भोपाल।** तालाबों को प्रदूषण से बचाने की दिशा में नगर निगम ने शहर में चार नए घाट बनाने का काम शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी के पहले यह घाट बनकर तैयार हो जाएंगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के बाद शहर के छोटा और बड़ा तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लागू है। वैकल्पिक घाटों की कमी के कारण प्रशासन को अस्थायी व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ा था। इसलिए अब मालीखेड़ी और बीयू परिसर में दो नए विसर्जन घाटों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जबकि संजीव नगर और नीलबड़ में दो नए घाट प्रस्तावित हैं। दोनों स्थानों का चयन कर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### आशा निकेतन अस्पताल में एआई-आधारित शवगृह का उद्घाटन कल

**भोपाल।** आशा निकेतन अस्पताल अरेरा कॉलोनी में एआई-आधारित शवगृह की स्थापना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह एआई-सक्षम सुविधा मृतकों के पार्थिव शरीर के सुरक्षित एवं सम्मानजनक संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु विकसित की गई है, जिससे परिजनों को अपने रीति-रिवाजों एवं परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार करने के लिए आवश्यक समय मिल सके। इस अवसर पर फैमिली फ्रेंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष रेजी के. मैथ्यू ने जानकारी दी कि इस शवगृह का उद्घाटन एवं आशीर्वाद समारोह एक मार्च आयोजित किया जाएगा। इस समारोह का संचालन रेव. एएएस. दुरैराज, आर्चबिशप भोपाल द्वारा किया जाएगा।

### पद्मश्री डॉक्टर बीके जैन का निधन, लंबे समय से थे अस्वस्थ

**सतना।** चित्रकूट में सेवा और समर्पण की मिसाल माने जाने वाले पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. बीके जैन का शुक्रवार शाम 4:24 बजे 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने जानकी कुंड



चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। डॉ. जैन पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और मुंबई में उनका उपचार जारी था। हालत गंभीर होने पर उन्हें चित्रकूट स्थित जानकी कुंड चिकित्सालय लाया गया, जहां वेंटिलेटर से हटाए जाने के बाद उनका निधन हुआ। उनके निधन की पुष्टि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट परिवार द्वारा की गई है। डॉ. जैन सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के डायरेक्टर और जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी के रूप में लंबे समय से सेवा कार्यों से जुड़े रहे। उनके नेतृत्व में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए।

## मंत्रालय में कर्मचारियों की टाइमिंग के बाद कलेक्ट्रेट का निरीक्षण भी किया

### फाइव डे वर्किंग के बाद कर्मचारियों की टाइमिंग को लेकर सख्ती शुरु

# सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे कलेक्टर, देरी से आए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी दफ्तरों में फाइव डे वर्क के बाद कर्मचारियों की टाइमिंग को लेकर सरकार ने सख्ती शुरु कर दी है। जिसके तहत अफसर और कर्मचारियों को सुबह दस से शाम छह बजे तक दफ्तर में बैठने की हिदायत दी गई है। जिसके तहत शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सुबह दस बजे कलेक्टोरेट पहुंच गए। उन्होंने पहली मंजिल पर स्थित आवक-जावक शाखा में जाकर देखा, तो वहां कोई नहीं था। इसके साथ खाद्य शाखा में भी जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन नहीं मिले। यहां पर एएसओ और जेएसओ भी नहीं थे, हालांकि इक्का-दुक्का बाबू बैठे मिले। कलेक्टर अधीक्षक कार्यालय में भी पहुंचे, जहां कर्मचारी नहीं आए थे।

कलेक्टर के निरीक्षण की जानकारी मिलते ही कई कर्मचारी दौड़ते भागते हुए अपनी कुर्सियों पर पहुंचे। कलेक्टर ने खाद्य शाखा, शस्त्र शाखा, आवक-जावक, भू अभिलेख, निर्वाचन शाखा सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश अधिकारी-कर्मचारियों की कुर्सियां खाली मिली, इस पर कलेक्टर ने सभी को चेतावनी दी है। जिसमें कहा गया है कि सोमवार से देरी से आने वाले कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा।




कलेक्टोरेट की आवक शाखा में समय पर कर्मचारी नहीं पहुंचा।

### पराली जलाने वालों पर होगी सख्ती

*कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बैरसिया तहसील के दौरे के दौरान कहा कि गेहूं-चने की कटाई के बाद कृषि विभाग के साथ गांव-गांव जाएं। किसानों को जागरूक करें और उन्हें पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। किसानों को समझाए कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण तो होता ही है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी खत्म होती है। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के काम में तेजी लाई जाए। एसडीएम ने अपने दफ्तर परिसर में ही एक पार्क विकसित किया है। जिसमें फूल, फल और छायादार पौधे लगे हैं। इसे देखकर कलेक्टर ने खुशी जताई।*

## कार्यालय में प्रवेश से पहले 'सार्थक ऐप' से लगा रहे हाजिरी

### 100 मीटर के दायरे में अटेंडेंस लगाकर ड्यूटी से चले जाते हैं कर्मचारी




सुबह 10 बजे खाली रहा विंध्याचल भवन का प्रवेश द्वार। इक्का-दुक्का कर्मचारी ही दिखे।

**हरिभूमि,भोपाल।** राजधानी भोपाल के शासकीय कार्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने की नई व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। शहर के सतपुड़ा और विंध्याचल भवन में कर्मचारियों की समय पर मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया 'सार्थक ऐप' अब औपचारिकता बनकर रह गया है। कर्मचारी 100 मीटर के दायरे से मोबाइल से अटेंडेंस दर्ज कर लेते हैं और फिर कार्यस्थल पर पहुंचे बिना ही बाहर चले जाते हैं। शुक्रवार को हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर जब स्थिति देखी तो कर्मचारी बड़ी संख्या में बाहर टहलते नजर आए। इस तरह की अनियमितता रोकने के लिए पहले फेस अटेंडेंस सिस्टम लगाया गया था, जिससे कर्मियों को कार्यालय परिसर में प्रवेश के समय ही बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करनी होती थी। लेकिन यह सिस्टम खराब बताया जा रहा है। मौके पर कुछ कर्मियों नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फेस अटेंडेंस सिस्टम को कर्मचारियों ने ही नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद से यह बंद है। अब सार्थक ऐप से अटेंडेंस तो लग रही है, लेकिन एक तय दायरे में, उसके बाद कर्मचारी दफ्तर में नजर नहीं आते। विंध्याचल भवन में करीब 40 दिन पहले 'सार्थक ऐप' लॉन्च किया गया था, जबकि सतपुड़ा में पिछले 6 माह से इसी ऐप के जरिए अटेंडेंस ली जा रही है। हाल ही में सार्थक ऐप से चेकिंग भी की गई, जिसमें कई कर्मचारी अटेंडेंस दर्ज होने के बावजूद अपनी सीट पर मौजूद नहीं पाए गए।

## जन्मदिन उत्सव योजना 2025 में चतुर्थ पुरस्कार से सम्मानित हुए सुखदेव पाटिल

# हरिभूमि पुरस्कार योजना में चतुर्थ विजेता को प्रदान किया एलईडी टीवी




हरिभूमि कार्यालय में विजेता सुखदेव पाटिल को एलईडी से पुरस्कृत करते जीएम डॉ. नीरज पाण्डेय, प्रसार प्रबंधक शशिकांत चतुर्वेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि की ओर से आयोजित जन्मदिन उत्सव योजना 2025 के तहत शुक्रवार को चतुर्थ पुरस्कार विजेता को सम्मानित किया गया। मानसरोवर कॉम्प्लेक्स स्थित हरिभूमि कार्यालय में पुरस्कार के रूप में उन्हें एलईडी टीवी प्रदान की गई। इस अवसर पर विजेता सुखदेव पाटिल ने हरिभूमि की इस पुरस्कार योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भोपाल हरिभूमि समाचार पत्र में वैरायटी ऑफ न्यूज हैं। हरिभूमि में सिर्फ प्रामाणिक खबरें ही छपती हैं, जिससे यह समाचार-पत्र दूसरे समाचार-पत्रों से अपना अलग स्थान रखता है। हरिभूमि में खबरों के कंटेट और शीर्षकों पर काफी इनोवेटिव काम होता है। इसका डिजाइन और ले आउट खुला-खुला और सबसे आकर्षक है।

### 11 वर्षों से नियमित रूप से पढ़ रहे हरिभूमि

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सुखदेव पाटिल ने कहा कि वे पिछले 11 वर्षों से नियमित रूप से हरिभूमि पढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी हरिभूमि को बेहद पसंद करती हैं। उनकी पत्नी ने भी विशेष रूप से हर मंगलवार को प्रकाशित होने वाले सहेली पेज की सराहना करते हुए कहा कि यह पृष्ठ उन्हें बेहद पसंद है, क्योंकि इसमें प्रकाशित सामग्री ज्ञानवर्धक होने के साथ प्रेरणादायक भी होती है। उन्होंने कहा कि पाठकों का निरंतर स्नेह और सहयोग ही संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौरान महाप्रबंधक डॉ. नीरज पाण्डेय, प्रसार प्रबंधक शशिकांत चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार पाठकों के लिए आकर्षक योजनाएं लाने का विश्वास व्यक्त किया। संपादक प्रमोद भारद्वाज ने इस मौके पर विजेता को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिला प्रशासन की कार्रवाई पर कांग्रेस ने उठाया गंभीर सवाल

# 600 वर्गफीट के मकान पर मिले 43 फर्जी वोटर्स के नाम

### आरोप-प्रकाशित मतदाता सूची में मिल रहीं गंभीर खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर शहर की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में चलाया गया स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम के बाद भी प्रकाशित हुई मतदाता सूची में गंभीर खामियां उजागर हो रही है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 75 के बूथ 63 के अंतर्गत 1500 वर्गफीट में रहने वाले पोखरलाल साहू के मकान में 37 मतदाता जो अलग-अलग जातियों के हैं, दर्ज पाए गए हैं। वार्ड 63 के इसी बूथ के मकान नंबर 10 पर कमलेंद्र गुप्ता रिटायर्ड इंजीनियर ग्रामीण विकास विभाग के एड्रेस पर 800 स्क्वायर फीट के मकान में 36 मतदाता दर्ज पाए गए हैं।

वहीं मकान नंबर 21 में हमीर सिंह यादव के पते पर 600 स्क्वायर फीट के मकान में 43 फर्जी मतदाता पाए गए। करोंद इलाके में मतदाता सूची शुद्धिकरण के बावजूद एक ही एड्रेस पर इतने सारे वोटर्स के नाम मिलने की जानकारी सामने आने के बाद मौके पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं पहुंचे।

शुक्ला ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं केंद्रीय चुनाव आयोग से इस मामले में दखल देते हुए जांच की मांग की है। इस अवसर पर करोंद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युवराज सिंह राय, यु.का.अध्यक्ष अमित खत्री, विजेंद्र शुक्ला, आनंद विश्वकर्मा, दीपक दीवान, सुनील उरे, विनोद ठाकुर, अनूप पांडे आदि मौजूद थे।

### लंबे समय से चलने फिरने या हल्का कार्य करने पर सांस फूलने की समस्या थी

# बिना चीरा लगाए 'टीएवीआई' तकनीक से वृद्ध मरीज का किया एओर्टिक वाल्व ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग मरीज के क्षतिग्रस्त एओर्टिक वाल्व को बिना कोई चीरा लगाए ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन तकनीक के माध्यम से ट्रांसप्लांट किया। डॉ स्वप्निल एस गर्दे ने बताया कि 66 साल के मरीज को लंबे समय से चलने या हल्का कार्य करने पर सांस फूलने की समस्या थी। रिपोर्ट में पता चला कि मरीज का हृद्य बढ़ा हुआ है और



एओर्टिक वाल्व में गंभीर संकुचन है। मरीज की पूर्व में बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में दोबारा छाती खोलकर ओपन हार्ट एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट करना जोखिम था। दोबारा सर्जरी में रक्त बहने, संक्रमण और अन्य जटिलताओं की संभावना भी अधिक थी। सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ टीम ने ओपन सर्जरी के स्थान पर आधुनिक ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन तकनीक को चुना।

### जांघ की धमनी के माध्यम से कैथेटर डालकर नया वाल्व हृदय तक पहुंचाया

*ट्रांसप्लांट टीम में डॉ. महेश शर्मा, डॉ. ऐश्वर्या गुरू, डॉ. अमित जयसवाल ने कैथेटर तकनीक के माध्यम से वाल्व को ट्रांसप्लांट किया। टीम ने टीएवीआई तकनीक से जांघ की धमनी के माध्यम से कैथेटर डालकर नया वाल्व हृदय तक पहुंचाया और खराब वाल्व की जगह सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया। दो घंटे से ज्यादा चली सर्जरी में मरीज को काई बड़ा चीरा नहीं लगाया गया।*

## स्कूटर फिसलने से गिरे युवक ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर फाटक के पास शुक्रवार सुबह सकूटर फिसलने से दो युवक गिर गए। एक युवक सड़क की तरफ गिरा था। उसके शरीर पर से ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया निकलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ट्रैक्टर चालक पर पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार 51 साल के मुकेश मकान नंबर 215, शारदा नगर, नारियलखेड़ा में रहते थे और करोंद सब्जी मंडी में पानी पुरी का ठेला लगाते थे। शुक्रवार सुबह वह हेम सिंह यादव निवासी फिजा कालोनी, गौतम नगर के साथ एक्सिस स्कूटर से नारियलखेड़ा से करोंद मंडी जा रहे थे। वे रेलवे फाटक देवकी नगर, अंडर ब्रिज के पास पहुंचे। इस दौरान उनकी स्कूटर के सामने ट्रैक्टर ट्रॉली चल रही थी।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी चौक मंडल द्वारा क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद मार्केट पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को भावपूर्ण नमन किया। मंडल उपाध्यक्ष विवेक साहू ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और संघर्ष का प्रतीक है, जो सदैव युवाओं को देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

## ऑल इंडिया मलयाली एसो मप्र चैप्टर का वार्षिक समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मलयाली एसोसिएशन (एआईएमए) मध्य प्रदेश चैप्टर द्वारा 15वां वार्षिक समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या समन्वय का आयोजन शनिवार को शाम 6:00 बजे से कैंपियन स्कूल ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मलयाली एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। इसमें सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव पी. अनिल नायर ने बताया कि इस दौरान वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से होगा। इसके बाद एआईएमए मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष जॉली कुरियन स्वागत भाषण देंगे। इस अवसर पर एआईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोकुलम गोपालन, आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## सोम डिस्टिलरीज के मामले में जस्टिस संदीप एन भट्ट भी नहीं करेंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा के बाद अब जस्टिस एसएन भट्ट भी सोम डिस्टलरीज प्रा. लि. और सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज प्रा.लि. की याचिका की सुनवाई से हट गए हैं। याचिकाओं में आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंस निलंबन को चुनौती दी गई है। अब चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा यह निर्णय लेंगे कि इस मामले पर सुनवाई किसकी बेंच में होगी।



▪ इसके पूर्व जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को किया था सुनवाई से अलग

इसके पूर्व गत 24 फरवरी को जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था। जस्टिस मिश्रा ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया था कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। इसके बाद शुक्रवार को ये याचिकाएं जस्टिस भट्ट की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत की गई थी। लेकिन, शुक्रवार को जस्टिस भट्ट ने भी बिना कोई स्पष्टीकरण दिए मामले की सुनवाई से खुद को हटा लिया। इससे पहले भी जस्टिस विशाल मिश्रा ने भाजपा विधायक संजय पाठक के अवैध उत्खनन केस से खुद को अलग कर लिया था। तब यह कारण बताया था कि संजय पाठक ने केस को लेकर संपर्क किया था। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी को मप्र सरकार ने रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रा. लि. का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था।

## नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को सक्रिय रूप से किया सम्मिलित

### 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान के तहत होगा फ्री पंजीयन

# प्रदेश में पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनाई जाएगी होली गो-काष्ठ होलिका दहन को बढ़ावा देने सरकार ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस वर्ष होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाए। इसके लिए राज्य शासन ने लोगों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें। मप्र सरकार की ओर से जारी निर्देश



अनुसार जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। जिलों में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर किया जाएगा।

### लकड़ी के स्थांन पर करें गो-काष्ठ का उपयोग

जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला सार्वजनिक आयोजनों का निरीक्षण कर लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा।

### जिला स्तरीय सम्मान समारोह होंगे आयोजित

आगामी दिनों में जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित होंगे। उत्कृष्ट गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# यूआईटी-आरजीपीवी में 'प्रतिस्पर्धा 2026' खेल प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

यूआईटी-आरजीपीवी में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी, टेबल टेनिस, चेस और कैरम सहित कुल 10 खेल आयोजित हुए, जिसमें मैकेनिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग की 8 शाखाओं के करीब 550 छात्रों ने भाग लिया। समापन समारोह में आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो. एससी चौबे, यूआईटी-आरजीपीवी के निदेशक डॉ. एसएस भदौरिया, खेल प्रभारी फैकल्टी डॉ. विजय गुप्ता तथा खेल कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनील दोहरे मंच पर उपस्थित रहे।

### ये रहे परिणाम



- क्रिकेट (पुरुष वर्ग) में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विजेता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विजेता तथा सिविल इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- फुटबॉल (पुरुष वर्ग) का खिताब इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने जीता, जबकि कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता तथा पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- बास्केटबॉल (पुरुष वर्ग) में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विजेता तथा सिविल इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता एवं द्वितीय स्थान पर रही।
- वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विजेता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विजेता तथा एसओआईटी उपविजेता रही।
- कबड्डी (पुरुष वर्ग) में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विजेता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में सिविल इंजीनियरिंग विजेता तथा पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- खो-खो (पुरुष वर्ग) में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विजेता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में सिविल इंजीनियरिंग विजेता तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- रस्साकशी के दोनों वर्गों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता रही।
- कैरम (पुरुष वर्ग) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विजेता तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में SOIT विजेता तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- शतरंज (पुरुष वर्ग) में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग उपविजेता रही। महिला वर्ग में सिविल इंजीनियरिंग विजेता तथा पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग उपविजेता रही।
- टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग) में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता तथा सीबीसीएस उपविजेता रही। महिला वर्ग में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विजेता तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी उपविजेता रही।

### आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी की

# आईईएस कॉलेज के छात्रों ने ताइक्वांडो में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



आरजीपीवी यूनिवर्सिटी द्वारा स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता बॉयज एवं गर्ल्स वर्ग का आयोजन किया गया जिसमे आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड एवं 3 सिल्वर मेडल हस्सिल कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के प्रिंस पांडे, अंशु सिंह एवं खुशी कुमारी ने अलग अलग केटेगरी में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल हस्सिल किय वही मोहित यादव, प्रिंस कुमार, खुशी तिवारी, संजना सिंह ,गरिमा नरवरे, वंदना सिंह ने गोल्ड मेडल हस्सिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के उपरंत ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो कॉम्पिटिशन का चयन किया गया जिसमे आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के सभी छात्रों को इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी ने सभी छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

### इंटरनेशनल रेसलिंग टूर्नामेंट तिराना

# अल्बानिया में गूंजा मध्यप्रदेश का नाम प्रियांशी प्रजापत ने जीता रजत पदक

50 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया प्रदेश का गौरव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अल्बानिया के तिराना में आयोजित द्वितीय रैंकिंग सीरीज मुहामेट मालो इंटरनेशनल रेसलिंग टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश कुश्ती अकादमी की पूर्व खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल प्रदेश बल्कि देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत है। तिराना में आयोजित यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के मध्य उच्च प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण मंच है। इस स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक अर्जित करना मप्र की खेल प्रतिभा की वैश्विक पहचान को और सुदृढ़ करता है।

**मंत्री सारंग ने दी बधाई:** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रियांशी प्रजापत को रजत पदक अर्जित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# खेलो इंडिया: चार छात्राओं ने मार्शल आर्ट में जीता स्वर्ण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप

दमन द्वीव में हुए दो दिवसीय खेलो इंडिया के तहत ग्रेफाइड स्कूल की चार छात्रा अनसुलिका लोधी, कनिष्का लोधी, आरती नियोल, नेहा ठक्कर ने वूमेन लीग बेस्ट जोन चैंपियनशिप खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक जीता। कोच विनीता रैकवार ने बताया कि चैंपियनशिप गुजरात के दमन द्वीप में 24 और 25 फरबरी को खेला गया, जिसमें ग्रेफाइड स्कूल की चारों छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर नगर का नाम रोशन किया। वही अगला मुकाबला गुवाहाटी में खेला जाएगा।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL(M.P.) ZONE NO.10**

**NOTICE INVITING e-TENDERS**

N.I.T. NO: 47/ES/BMC/2026 Dated : 27.02.2026

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs in lakh) | Earnest Money Deposit EMD in Rs | Cost of Bid Document in Rs | Period of Completion a in month | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _473624_3 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT BDA COLONY NEAR BY ISHWAR NAGAR WARD 50 ZONE 10 (MIC FUND GAD) | 969,662.30 | 9697.00 | 2000.00 | 06 Months | MPUAD D ISSR 2021 |
| 2 | 2026_UAD _481600_2 | CONSTRUCTION OF FIRST FLOOR ABOVE THE WARD OFFICE WARD 42 ZONE 10 (PARSAD NIDHI 202526) (PARSAD | 719323.00 | 7193.00 | 2000.00 | 06 Months | MPUAD D ISSR 2021 |
| 3 | 2026_UAD _477238_2 | CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL AT PARK INFRONT OF G3-508 WARD 50 ZONE 10 ( PARSHAD NIDHI 202526) | 1682984.00 | 16830.00 | 2000.00 | 06 Months | MPUAD D ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

Assistant Engineer,
Municipal Corporation, Bhopal
District Bhopal

T.N. 3236/025/026

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**// आम सूचना //**

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी. (डुप्लेक्स) 183 मण्डल द्वारा श्री अरूण कुमार जैन आत्मज श्री हुकुम चंद जैन के नाम भाड़ाकय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क. 1809-13 दिनांक 20/05/2002 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/05/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती ताहिरा खान पत्नी श्री मोहम्मद हारून खान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 25/01/2022 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती ताहिरा खान पत्नी श्री मोहम्मद हारून खान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमातिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/574 मण्डल द्वारा श्रीमती कड़वी बाई पत्नी श्री रामलाल यादव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 09/06/2000 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती कड़वी बाई का स्वर्गवास दिनांक 05/01/2018 को एवं उनके पति श्री रामलाल यादव का स्वर्गवास दिनांक 04/04/2021 को हो गया है एवं उनके एक पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार यादव का स्वर्गवास दिनांक 09/05/1999 को कारगिल में शहीद हुये है। आवेदक आवंटी की 1 पुत्री श्रीमती राधा यादव पत्नी श्री रमाकांत यादव द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिस का अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमातिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सुदामा नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- 77 मण्डल द्वारा श्रीमती इन्दु ठाकरे पत्नी स्व. श्री मांगीलाल ठाकरे के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय-विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 31/05/1991 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 18/02/2026 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2037 तक वैध है। श्रीमती इन्दु ठाकरे पत्नी स्व. श्री मांगीलाल ठाकरे द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सपना पवन जाधव पत्नी श्री पवन जाधव को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 19/02/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती सपना पवन जाधव पत्नी श्री पवन जाधव के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**





# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

लाइफ Style



# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

## हॉलीवुड मसाला




## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।




## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

## टीवी मसाला




## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।



## भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।



## जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।



## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** *: मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** *: सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*



# 10 साल बाद फिर आमना-सामना, वेस्टइंडीज पर ढिलाई नहीं बरतेगी टीम इंडिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी20 विश्व कप सेमीफाइनल है, जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था।

31 मार्च 2016 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विराट कोहली के नाबाद 47 गेंद पर बनाए 89 रन की मदद से 2 विकेट पर 192 रन बनाए थे। स्कोर कम नहीं था, लेकिन वेस्टइंडीज की मजबूत बल्लेबाजी ने इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। लेंडल सिमंस के 51 गेंदों पर 5 छक्कों और 7 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद 82 और आंद्रे रसेल के 20 गेंदों पर बनाए विस्फोटक 43 रनों की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाकर न सिर्फ मैच जीता था बल्कि अपने घर में भारतीय टीम के विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के हेड कोच हैं।

### हार का बदला लेने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

1 मार्च को जब भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में उतरेगी, तो निश्चित रूप से 10 साल पहले मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेगी। भारत की 2016 वाली प्लेइंग इलेवन के दो खिलाड़ी, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह, अगले मैच की प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा होंगे। ये दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के विश्व कप में चले आ रहे तूफानी और शानदार सफर को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



### टीम इंडिया का सुपर-8 का आखिरी मुकाबला

*भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप में सुपर-8 का अपना आखिरी मुकाबला कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 1 मार्च को खेलेगी। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को इस मैच में जीत दर्ज करना ही होगा। वहीं, वेस्टइंडीज भी इस मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेगी।*



### ग्रुप स्टेज में अजेय रही वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज ग्रुप स्टेज में अजेय रही थी। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया था। वहीं, सुपर-8 का अपना पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गंवाने वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने मैच में 72 रन से जीत दर्ज की। 1 मार्च को भारत-वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल की तरह है। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाएगी।

## खबर संक्षेप



### अभिषेक ने आलोचकों को चुप करा दियाः गावस्कर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने कहा, 'हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।' अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया।

### अपने कौशल पर काम कर रहा हूंः अर्शदीप

**चेन्नई।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने कहा, 'मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्कल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं।



### टीम का प्रदर्शन महत्व रखता हैः रबाडा

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने कहा, कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। 'दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।



### जैक्स-रेहान की शानदार साझेदारी, इंग्लैंड ने जीते सुपर 8 के तीनों मैच

# आखिरी 18 गेंद में पलटी बाजी, हारा हुआ मैच जीता इंग्लैंड, न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर-8 का मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। मैच में इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर की।

टीम के लिए विल जैक्स व रेहान अहमद की जोड़ी ने सांतवें विकेट के लिए 44 (16 गेंद) रनों की साझेदारी से आखिरी 18 गेंदों में बाजी पलट दी। विल जैक्स ने 32* और रेहान ने 19* रन बनाए। इंग्लैंड को अंतिम 3 ओवर यानी 18 गेंदों में 43 रनों की दरकार थी। यहां से न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने बड़ी गलती करते हुए ग्लेन फिलिप्स को ओवर सौंप दिया। इंग्लैंड ने इस गलती का पूरा फायदा उठाते हुए ओवर से 22 रन बटोर लिए। इसके बाद अंतिम 2 ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 21 रनों की दरकार थी। फिर 19वें ओवर में 16 रन आए। यहां से अंतिम ओवर में सिर्फ 5 रन चाहिए थे, जो आखिरी ओवर के 3 गेंदों में ही बन गए। इसके चलते सुपर -8 मे इंग्लैंड ने तीन में तीन मुकाबले जीतकर ग्रुप 2 में टॉप



### पाकिस्तान को मिला फायदा

*इस जीत के साथ इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फायदा पहुंचाया। पाकिस्तान टीम अब सेमीफाइनल रेस में बरकरार है। पाकिस्तान को अपना आखिरी मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ खेलना है, जिसमें जीत हासिल कर उनके पॉइंट्स न्यूजीलैंड के बराबर हो जाएंगे। अगर पाकिस्तान आखिरी मैच जीत लेता है, तो दोनों को 3-3 पॉइंट्स हो जाएंगे। इसके बाद बेहतर नेट रनरेट वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।*

### इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब

न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल सॉल्ट महज 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने। जोस बटलर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ब्रूक 26 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बेथेल 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद सैम करन और टॉम बैंटन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। करन ने 24 रन बनाए, जबकि बैंटन 3 चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। 117 रनों के स्कोर पर 6 विकेट गंवाकर इंग्लैंड की टीम मुश्किल में थी और जीत दूर जाती हुई दिख रही थी। हालांकि, विल जैक्स और रेहान अहमद ने सिर्फ 16 गेंदों में 44 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए इंग्लैंड को 4 विकेट से जीत दिला दी। जैक्स ने सिर्फ 18 गेंदों का सामना करते हुए 32 रनों की नाबाद पारी खेली। विल जैक्स ने पारी के 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ 22 रन बनाए और यहीं से पूरा मुकाबला पलट गया। वहीं, रेहान ने 7 गेंदों में 19 रन बनाए और वह टीम को जीत दिलाकर लौटे। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रविंद्र ने 19 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि मैट हेनरी और फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया।

### अंकतालिका

| सुपर 8 ग्रुप 2 | मैच | जीते | हार | टाई | बेनतीजा | अंक | एनआरआर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 | +1.096 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | +1.390 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | -0.461 |
| श्रीलंक | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | -2.8 |

### सीफर्ट और एलन ने दिलाई न्यूजीलैंड को ताबड़तोड़ शुरुआत

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 159 रन बनाए। टीम को टिम सीफर्ट और फिन एलन ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.6 ओवर में 64 रन जोड़े। सीफर्ट ने 35 रन बनाए। वहीं, एलन ने 29 रनों का योगदान दिया। रचिन रविंद्र बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 11 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 39 रन बनाए। डेरिल मिचेल सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए, तो मार्क चैपमैन ने 15 रनों का योगदान दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर 9 रन बनाकर नाबाद रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवर पहले ही चेज कर लिया टारगेट, 5 विकेट से दूसरा वनडे किया अपने नाम



- महिला वनडे सीरीज में भारत को हराकर कंगारू टीम ने 2-0 से बढ़त की कायम

एजेंसी ⏭ होबार्ट

दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। महिला टीमों की इस सीरीज में कंगारू टीम ने 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली है। होबार्ट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 251 रन ही बना पाई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके बड़ी जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया के लिए प्रतिका रावल ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 31 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रीग्स का बल्ला खामोश रहा, कप्तान हरमानप्रीत कौर ने जरूर 54 रनों का योगदान दिया। एक समय टीम इंडिया ने केवल 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नतीजन भारतीय बल्लेबाजी 251 रनों पर सिमट कर रह गई।

### लिचफील्ड और वॉल ने की 119 रनों की पार्टनरशिप

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली केवल 6 रन बनाकर आउट हो गईं। मगर दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रनों की पार्टनरशिप कर भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की कमर तोड़ कर रख दी। लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 101 रन बनाकर कोहराम मचाया। बेथ मूनी ने भी 31 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम के लिए काश्वी गौतम और दीप्ति शर्मा ने 2-2, जबकि क्रांति गौड़ ने 1 विकेट लिए।

### भारत हारा सीरीज

3 वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ब्रिसबेन में खेले गए पहले वनडे मैच में भी टीम इंडिया की बैटिंग लाइन-अप धराशाई हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच 6 विकेट से जीता था। मगर उससे पहले तीन टी20 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने परचम लहराया था। भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

### टी20 विश्व कप सुपर-8

# सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका, बड़ी जीत पर पाकिस्तान की नजर



एजेंसी ⏭ पाल्लेकल

अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा।

संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

### बेहतर स्थिति में कीवी टीम

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है।

### सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर श्रीलंका

श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था। दासुन शनाका की टीम ने शानदार शुरुआत की और ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त देकर खिताब के दावेदारों में अपना नाम शामिल कर लिया था। लेकिन श्रीलंका उस जीत के बाद जिम्बाब्वे, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया।

## हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। तिलक ने कहा, ' हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे।' तिलक ने कहा, 'जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की।

# रणजी ट्राफी फाइनल : जम्मू कश्मीर ने बनाई 477 रनों की बढ़त, कर्नाटक की उम्मीद खत्म

- जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ⏭ हुबली

जम्मू-कश्मीर की टीम ने शुभम पुंडीर की 121 रनों की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम आकिब नबी (5 विकेट हॉल) की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पहली पारी में 293 रन पर ही सिमट गई।

इसके बाद चौथे दिन के अंत तक जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बना लिए और कर्नाटक पर 477 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। अब जम्मू-कश्मीर इस मैच को ड्रॉ की ओर ले जाकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी जीतना चाहेगी। वहीं कर्नाटक की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।



### जम्मू-कश्मीर ने नहीं दिया फॉलोऑन

पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर ने फॉलोऑन नहीं दिया और दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने 160 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ 6 रन दूर थे, तभी चौथे दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। उनके साथ साहिल 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बनाकर कुल 477 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली। अब टीम ड्रॉ के जरिए रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सवः मास्टर्स वर्ग का दूसरा दौर

# नीमन को हराकर अरविंद ने चौंकाया, गुकेश ने खेला ड्रॉ

एजेंसी ⏭ प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब खास मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया, जिसका अरविंद ने फायदा उठाकर जीत हासिल की।



### दिव्या ने युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला

चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला। इस वर्ग में खेल रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली ने डेनमार्क के जोनास बुहल बिएरे के साथ ड्रॉ खेलकर अपना खाता खोला।

### गुइजारो ने फोरस्ट को हराया

एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है, जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है।




# 1960 से 2020 तक के गीतों पर थिरके कदम, धर्म-अधर्म से दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम रहा एक्सीलेंस का 'तरंग' और एमएलबी का 'अनन्या' वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के अलग-अलग कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा को रंगीन बना दिया। जहां उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में वार्षिकोत्सव तरंग के तीसरे दिन का आरम्भ गायन प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने एकल व समूह गायन सहित ग्रुप डांस की प्रस्तुति खास रही। तो वहीं एमएलबी के वार्षिकोत्सव 'अनन्या' में केश सज्जा, ग्रुप डांस ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

*आईईएचई में एकल व समूह गायन, ग्रुप डांस की प्रस्तुति, एमएलबी में केश सज्जा, ग्रुप डांस ने जीता दिल*



### आओगे जब तुम ओ साजना... ने मोहा मन

वहीं एक्सीनेंस कॉलेज के वार्षिकोत्सव में आयोजित गायन प्रतियोगिता में ऋषिका वरगांवकर ने आओगे जब तुम ओ साजना गाया तो वहीं प्रत्याशा त्रिपाठी ने बनारसिया गीत गाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। देवांशु परखे ने भीगी-भीगी सी है, रातें भीगी भीगी तो प्रज्ञा व वाणी के समूह ने बुंदेली राई गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### फ्यूजन, लोक नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता

फ्यूजन, लोक नृत्य एवं थीम डांस पर समूह नृत्य स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें 15 समूहों ने भाग लिया। थीम-नृत्य विधा में धर्म और अधर्म, सत्य और असत्य, त्याग और कर्त्तव्य की भावना तथा नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों को प्रदर्शित किया, तो फ्यूजन नृत्य विधा में 1960 से 2020 तक की फिल्मों के प्रसिद्ध गीतों पर प्रस्तुतियां खास रहीं। विविध राज्यों के लोक नृत्यों की श्रृंखला का दर्शकों ने लुत्फ उठाया।



### बधाई नृत्य ने पाया प्रथम तो घूमर रहा दूसरे स्थान पर



एमएलबी कॉलेज में आयोजित समूह नृत्य प्रतियोगिता में किसी समूह ने बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी, तो किसी ने घूमर की ताल पर झूमकर दर्शकों की खूब तालियां बटौरी। वहीं पंजाबी भांगड़ा और गिद्दा ने भी दर्शकों को बांधे रखा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुनिका भरके तथा समूह का बधाई नृत्य रहा तो वहीं द्वितीय स्थान राजस्थानी घूमर करके सानिया सोनारे एवं समूह को मिला। इसके साथ ही अनन्या के अंतर्गत केश सज्जा ,अंत्याक्षरी और समूह गान प्रतियोगिताओं भी आयोजित हुई।

## गौहर महल में निफ्ट का क्राफ्ट बाजार संग फैशन वॉक का आयोजन

# 'अनुत्तरा-क्राफ्ट बाजार 2026' भारत की जीवित शिल्प परंपराओं का उत्सव



### भारत की जीवित सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करते हैं शिल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडो वेस्टर्न स्टाइल में गौहर महल के रैंप पर अपनी अदाओं का जलवा बिखेरती मॉडल्स, किसी ने साड़ी को डिफरेंट स्टाइल में डेप करके दर्शकों का दिल जीता तो किसी ने स्कर्ट के साथ ब्लाउज को टीमअप करके फैशन का एक नया रूप प्रस्तुत किया। ट्रेडिशनल के साथ इंडो-वेस्टर्न स्टाइल में 24 स्टूडेंट्स ने हाई बीट्स सांग्स पर रैंप वॉक करके दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी। अदाओं, आत्मविश्वास और स्टाइल से रैंप पर जलवा बिखेरती मॉडल्स को देख दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। जहां उनकी डेसिंग स्टाइल में इंडियन के साथ साथ मॉडर्न टच नजर आया तो वहीं उनकी ज्वेलरी भी ट्रेडिशनल आर्टिजन ने तैयार की। यह नजारा प्रस्तुत किया गौहर महल में निफ्ट द्वारा आयोजित 'अनुत्तरा-क्राफ्ट बाजार 2026' में जिसमें शुक्रवार को फैशन वॉक का भी आयोजन किया गया। 'अनुत्तरा-क्राफ्ट बाजार 2026' में कुल 44 स्टॉल पर देश के अलग अलग राज्यों से आए आर्टिजन ने हैंडमेड प्रोडक्टस को डिस्प्ले किया, जिनकी खरीदारी शहरवासियों ने जमकर की।



'अनुत्तरा-क्राफ्ट बाजार 2026' में हैंडमेड प्रोडक्टस को प्रदर्शित करतीं मॉडल्स।

पांच दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत आर्टिजन अवेयरनेस वीक के रूप में हुई। किए गए, जबकि 27-28 फरवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनी विक्रय का आयोजन गौहर महल में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सोनाली पोंक्षे वायंगकर, आईएएस रहीं, उन्होंने कहा कि छात्र जब आधुनिकता की ओर बढ़ें, तो उन्हें अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को साथ लेकर चलें। डॉ. अनुपम सक्सेना ने कहा कि शिल्प भारत की जीवित सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### क्रोशिया के बने फूल, की चेन, नेकलेस और टॉप



निफ्ट के क्राफ्ट बाजार में भोपाल की शालिनी गर्ग, क्रोशिया से बने हुए एक से बढ़कर एक आइटम लेकर आई हैं, जिसमें जहां क्रोशिया से बने हुए सुंदर-सुंदर फूल थे, तो वही उनकी सुंदर पंखुड़ियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी के साथ क्रोशिया के बने हुए खिलौने, की चेन, नेकलेस और क्रोशिया के टॉप भी गर्ल्स को काफी आकर्षक लगे।

### चंकी डिजाइन के पोस्टर सहित लिप्पन आर्ट की डिजाइनर घड़ी



धनश्री हैंडमेड टोट बैग्स, पेंटिंग, लिप्पन आर्ट के डिजाइनर प्रोडक्ट लेकर आईं। धनश्री ने कहा कि आजकल लिप्पन आर्ट काफी ट्रेडिंग है। इसीलिए होम डेकोरेटिव आइटम के साथ घड़ी और फ्लावर वास सहित पाइप लाइनर्स के बने फूल और पोस्टर लेकर आई हूं। आजकल चंकी डिजाइंस काफी ट्रेंड में हैं। इसलिए मैंने पोस्टर्स पर चंकी डिजाइंस को उकेरा है और करीब 3 साल से में इसी तरह से स्टॉल लगाकर अपने प्रॉडक्ट्स को सेल आउट करती हूं। मेरे पास 100 से लेकर 2000 तक के आइटम मौजूद हैं।

### जूट के पर्स, बैग, मेट्स की ढेरों वैरायटी

भोपाल के रामाश्रय यादव जूट के बने हुए एक से बढ़कर एक उत्पादों को लेकर आए हैं, जिसमें जूट के बने हुए हैंडबैग हैं तो वही



डाइनिंग मेट, पेन होल्डर, फ्लावर वॉस सहित होम डेकोरेटिव आइटम्स की एक से बढ़कर एक वैरायटी को रामाश्रय ने इस क्राफ्ट बाजार में एक्जीबिट किया। उन्होंने कहा कि मैं करीब 15 सालों से इस काम में लगा हुआ हूं और भोपाल ही नहीं भोपाल के बाहर भी अपने हाथों से बने हुए प्रोडक्ट को एक्जीबिट करता हूं और लोगों को आजकल हैंडमेड आइटम इतनी पसंद है कि मेरे यह प्रोडक्ट की काफी डिमांड है।

## मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की एल्युमिनी मीट




मिंटो हॉल में मैनिट का एल्युमिनी मीट में शामिल हुए 100 से अधिक पुराने विद्यार्थी।

# एक शाम दोस्तों के नाम: 1971 से 1976 बैच की एल्युमिनी मीट में, ताजा हुईं यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के 1971 से 1976 बैचों के पूर्व छात्रों ने शुक्रवार को मिंटो हॉल में एल्युमिनी मीट का आयोजन किया। करीब 100 से अधिक एल्युमिनी ने भाग लेकर पुरानी यादें ताजा की, किसी ने नम आंखों से बिसरे मित्रों से मिलकर गले लगाया, तो किसी ने कॉलेज के पुरानी यादों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### 50 साल से विदेश में हूं, पैसे से ज्यादा एक्सपीरियंस को जगह दी




मीट में आए नितिन दवे ने कहा कि मैं पिछले 50 सालों से विदेश के कई देशों में रहा हूं... मैंने पैसे से ज्यादा अपने एक्सपीरियंस को जगह दी है। यूएसए, कैंब्रिज जैसी जगहों पर रह चुके नितिन ने कहा कि मैंने न्यूयॉर्क में 13 साल काम की, लेकिन इस एल्युमिनी का सुनकर बस भारत अपने देश आ गया।

### 50 साल बाद हम सब फिर मिले, मैं बहुत खुश हूं



वहीं 1976 बैच के मैकेनिकल स्टूडेंट कुलवंत सिंह ने बताया कि मैं अब यूएसए में हूं, वाहेगुरु की कृपा है कि 50 साल बाद हम सब फिर मिले और इतनी खुशी तो उन दिनों में भी नहीं हुई होगी, जितनी आज हो रही है।

### पुराने दोस्तों से मिलकर पुरानी यादें ताजा हो गई



रविंद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि मैं 1976 बैच का इलेक्ट्रॉनिक का छात्र हूं। हमारे बैच की सबसे अच्छी बात यह है कि आज हम 50 साल बाद मिले, लेकिन लगता हैं कि कल ही की बात थी, हम साथ पढ़ते, मस्ती करते। लंबे समय के बाद पुराने दोस्तों से मिलकर पुरानी यादें ताजा हो गई।

### लंबे समय से प्लान कर रहे थे

मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव .. ने बताया कि



मैंने इस कार्यक्रम को ऑर्गेनाइज किया है। हम बहुत लंबे समय से हम प्लान कर रहे थे, कि हम सभी दोस्त एक बार मिल पाएं... लगभग 1976 बैच के हम 60 से ज्यादा छात्र, आज यहां इकट्ठा हुए हैं, यह अपने आप में अचीवमेंट है। लगभग 90% लोग देश के बाहर रहते हैं, जिनका इस सम्मेलन में आना मुश्किल था... पर सभी लोग आए और आगे भी हम कोशिश करेंगे कि इस तरह का सम्मेलन करें।

## 'मैं अलबेली फागुन महीना, मैं अकेली गुदवा आई गुदना'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला - 55 के अंतर्गत पावन पर्व होली की पूर्व बेला पर फाग (होली) पर केंद्रित रचनाओं का काव्यपाठ किया। अध्यक्षता डॉ. मोहन तिवारी आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी मुख्यालय भोपाल ने की। इस काव्यगोष्ठी में 29 कवियों ने रचना पाठ किया। मुख्य अतिथि दीपक पंडित ने होली रंगों का त्यौहार प्यार भरा उपहार, विशिष्ट अतिथि अशोक निर्मल ने 'यूं अकेले लेकर निकलो हिरणी सा दिल फागुन में' सुनाई। सारस्वत अतिथि डॉ.सुरेश पटवा रहे। उन्होंने 'मैं अलवेली फागुन महीना, मैं अकेली गुदा आई गुदना' रचना सुनाई। वहीं लक्ष्मीकांत जंवडें , गोकुल सोनी' सुंदर लाल प्रजापति, वी के श्रीवास्तव, डॉ. राजेश तिवारी, कृष्ण देव चतुर्वेदी, दतिया के जगत शर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, रेणु श्रीवास्तव, मलिक सिंह मलिक, चरण जीत सिंह कुकरेजा, लक्ष्मी नारायण उपेन्द्र, विश्व नाथ शर्मा, कर्नल गिरिजेश सक्सेना, गोपाल नीरज, शिवांश सरल, पंडित हरि शंकर दुबे, अजय श्रीवास्तव, मनोज जैन मधुर, वीणा विद्या गुप्ता, शिव कुमार दीवान आदि कवियों ने रचनाएं सुनाईं।

■ तुलसी साहित्य अकादमी सृजन श्रृंखला 55 की फाग-होली गोष्ठी

## रंग श्री लिटिल बैले में महा-नाट्य डॉ. हेडगेवार का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रंग श्री लिटिल बेले में महा-नाट्य डॉ. हेडगेवार – एक व्यक्तित्व, एक विचार, एक युग (भाग-1) का मंचन शुक्रवार को किया गया। इस नाटक ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मंच के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया। लगभग ढाई घंटे की इस प्रस्तुति में संगीत, अभिनय और ऐतिहासिक प्रसंगों के जरिए उस दौर की झलक प्रस्तुत की गई। नाटक का लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन गुलशन कुमार कावड़े ने की, जबकि संयोजन सचिन मल्होत्रा और संगीत निर्देशन-गायन शाहीर प्रसाद द्वारा किया गया।




रंग श्री लिटिल बेले में महा-नाट्य डॉ. हेडगेवार का मंचन करते कलाकार।

**नेशनल साइंस डे** *नेशनल साइंस डे पर हरिभूमि ने खोजे ऐसे युवा वैज्ञानिक, जिनकी खोज ने रच दिया इतिहास*

# जिज्ञासा से जन्मी खोज और प्रयोगों ने दी दुनिया को नई दिशा

*विज्ञान ही भविष्य के बेहतर कल की राह को तैयार कर रहा है*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव सभ्यता की प्रगति का सबसे बड़ा आधार विज्ञान रहा है। जिज्ञासा से जन्मी खोजों और प्रयोगों ने दुनिया को नई दिशा दी है, और आज भी विज्ञान ही भविष्य के बेहतर कल की राह तैयार कर रहा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही वैज्ञानिक प्रतिभा को तलाशा जिनके मन के भीतर की जिज्ञासा ने एक नई खोज और अविष्कार को जन्म दिया।

### किसानों की मददगार बनेगी 'किसान मित्र छड़ी' और स्वाइल टेस्टिंग मशीन


दमोह जिले के समीर अहिरवार ने एक ऐसी 'किसान



मित्र छड़ी' और स्वाइल टेस्टिंग मशीन बनाई है, जिसके लिए उन्हें मैपकास्ट द्वारा आयोजित विज्ञान मेले की महाप्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार भी मिला। समीर कहते हैं कि मैं एक किसान का पुत्र हूं। मैंने 'किसान मित्र छड़ी' बनाई है। इसकी खासियत है कि इसे हाथ में लेकर जब किसान चलता है तो इससे ऐसी वाइब्रेशन निकलती है जो सांप बिच्छू को दूर कर देती हैं, साथ ही इस छड़ी में सोलर लाइट और मोबाइल चार्जर के लिए भी आप्शन दिया है।

### खाली वक्त में आया आइडिया, बनाया ड्रोन जो 80 किलो के व्यक्ति को लेकर भर सकता है उड़ान

वहीं, ग्वालियर के द सिंधिया स्कूल के छात्र मेधांश त्रिवेदी ने एक ऐसा ड्रोन बनाया है, जिसमें एक व्यक्ति भी बैठकर उड़ान भर सकता है। मेधांश



ने कहा कि कोरोना काल में 2020 में मैं 8वीं क्लास में था तब मैंने यूटयूब पर एक वीडियो देखा, जिसमें चाइना की एक एयर टेक्सी दिखी, जिसकी कीमत करीब 30 मिलियन डॉलर थी, मुझे लगा कि ऐसा कुछ मैं भी बना सकता हूं, और फिर मैंने ड्रोन बनाने के लिए काफी रिसर्च की, जिसमें मुझे चार साल लगे और फिर 2024 में मैंने तीन महीनों में ही इसे तैयार कर दिया। 45 हॉर्स पावर के इस ड्रोन की खासियत है कि यह ड्रोन 80 किलो के व्यक्ति को लेकर 6 मिनट तक लगातार हवा में उड़ान भर सकता है। ड्रोन की गति 60 किलो मीटर प्रति घंटा है।



## हिंदी भवन पहुंची राष्ट्रभाषा महाविद्यालय पूर्वोत्तर की छात्राएं

**भोपाल।** राष्ट्रभाषा महाविद्यालय, पूर्वोत्तर की 9 छात्राएं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के प्रधानमंत्री हेमचंद वैद्य के साथ हिंदी भवन पहुंची। यहां मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के संरक्षक वरिष्ठ हिंदी सेवी कैलाशचंद्र पंत ने समिति की गतिविधियों के बारे में बताया। छात्राओं ने इस दौरान समिति के पुस्तकालय, साहित्यिक पत्रिका 'अक्षरा' के संपादकीय विभाग का अवलोकन भी किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930